दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 291 | जयपुर | सोमवार, 25 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मुख्यमंत्री-केंद्रीय मंत्री ने रिफाइनरी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया

### बहुत जल्द मिलेगी खुशखबरी : सीएम

### केंद्रीय मंत्री ने कहा-साल के अंत से पहले काम पूरा होगा



बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी रविवार को बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बस से रिफाइनरी क्षेत्र को देखा, साथ ही कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा-पिछली बार में जनवरी के महीने में आया था, तब से बहुत काम हुआ है। लगातार मैं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के संपर्क में हूं। आने वाले समय में बहुत जल्दी आपको खुशखबरी मिलेगी। रिफाइनरी से पूरे क्षेत्र का विकास होगा। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यहां पौधारोपण भी किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा-केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एचपीसीएल इस काम को साल के अंत तक या उससे पहले पूरा कर देंगे। बहुत जल्दी रिफाइनरी चालू हो जाएगी। आज मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम का उद्घाटन कर दिया है। बाकी फैसिलिटी भी शुरू हो गई है। रिफाइनरी से क्षेत्र ही नहीं, पूरे राजस्थान का विकास होगा। आगे इसमें विस्तार की भी कैपेसिटी है। यहां एचपीसीएल एक स्किल डवलपमेंट सेंटर भी खोलेगा।

#### अधिकारियों के साथ बैठक की

इससे पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर रिफाइनरी प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की और जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के साथ पूर्व सांसद कर्नल मानवेंद्र सिंह, मुख्य सचिव सुधांश पंत,ृष्टस् शिखर अग्रवाल, प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री के के विश्नोई, सिवाना विधायक हमीर सिंह, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, बाड़मेर विधायक प्रियंका चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




#### 12 साल में दोगुनी हुई लागत

साल 2013 में शुरू हुए रिफाइनरी के प्रोजेक्ट को लेकर दावा था कि साल 2025 तक इसका काम पूरा हो जाएगा। हालांकि अभी 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इधर, इन 12 सालों में रिफाइनरी की लागत भी दो गुना हो चुकी है। साल 2013 में रिफाइनरी की लागत 37 हजार करोड़ थी, जो साल 2024 में बढ़कर 72 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुकी है।

#### 10 प्रोसेस इकाइयों का 94 से 98 फीसदी काम पूरा

18 जुलाई को जयपुर में खान विभाग की हुई मीटिंग में बताया गया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का करीब 94 से 98 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। परियोजना क्षेत्र में करीब 87 .9 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। एसआरयू यूनिट को अलग कर 96 .9 प्रतिशत काम हो गया है। वहीं पेट्रोकेमिकल सेक्शन इलाके और सल्फर रिकवरी यूनिट के काम में तेजी लाने और कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया गया था। विभाग के अनुसार सल्फर रिकवरी यूनिट का काम क्रूड ऑयल से सल्फर रिकवरी यूनिट का काम क्रूड ऑयल से सल्फर को अलग करने का काम रहता है। इसी यूनिट में अधिक समय लग रहा है।



#### 9 मिलियन टन प्रोडक्शन प्रति वर्ष होगा

एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) की ओर से सालाना 9 मिलियन टन प्रोडक्शन किया जाएगा। ये बीएस-6 मानक की रिफाइनरी होगी। रिफाइनरी में क्रूड/वैक्यूम डिस्टीलेशन यूनिट व डिलेड कॉकर यूनिट का करीब 95 .5 प्रतिशत, हाइड्रोजन जेनरेशन यूनिट और डीजल हाइड्रोजन यूनिट का 98 .7 प्रतिशत से अधिक और वीजीओ-एचडीटी यूनिट आदि का काम 95 .3 फीसदी काम किया जा चुका है।

#### समय के साथ बढ़ रही रिफाइनरी की लागत

पचपदरा में 4567 .32 एकड़ जमीन पर बन रही रिफाइनरी की क्षमता 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) है। वर्तमान में कुछ यूनिट का कार्य 90 से 98 फीसदी तक पूरा हो गया है। मार्च-अप्रैल 2025 तक यूनिट का कार्य पूरा कर प्रोडक्शन शुरू करने को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

**भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की; ट्रम्प का टैरिफ वजह बना**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं। भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी।

### जयपुर डेयरी ने 2 रुपए लीटर बढ़ाए दूध के दाम

**8 साल में 11 बार बढ़ी कीमतें**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सरस घी के बाद अब जयपुर डेयरी ने दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) प्रशासन ने दूध की सभी वैराइटी पर 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। ये कीमतें 25 अगस्त की शाम को होने वाली सप्लाई से लागू होगी। जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया- अभी सरस टोंड (नीला) 52 रुपए, स्टैंडर्ड (हरा) 58 रुपए, गोल्ड 66 रुपए और डबल टोंड 44 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। 25 अगस्त को कीमतें बढ़ने के बाद सरस टोंड (नीला) 54 रुपए, स्टैंडर्ड (हरा) 60 रुपए, गोल्ड 68 रुपए और डबल टोंड 46 रुपए प्रति लीटर मिलने लगेगा। इससे पहले जयपुर डेयरी ने पिछले साल अगस्त में दूध के दामों में 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया था। साल 2017 से अब तक 11 बार दूध के दाम बढ़ाए गए हैं। इस दौरान दूध की कीमत में 42 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। मई 2017 से पहले टोंड (नीला) एक लीटर दूध 38 रुपए में मिलता था, जो बढ़कर अब 54 रुपए हो गया है।

### पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी की बुक का हुआ लोकार्पण

**केंद्रीय मंत्री बोले- शाम की अदालत लगें, भंडारी ने कहा- निष्पक्ष न्याय में विश्वास किया**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ओटीएस परिसर स्थित बी.एस. मेहता सभागार रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी की किताब डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस: मैमोरी ऑफ ए फॉर्मर जज (त्वरित न्याय एक पूर्व न्यायाधीश की स्मृतियां) का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रहे। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निपटारे के लिए शाम की अदालतों की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। न्याय केवल त्वरित ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष होना आवश्यक है।

## तेजस्वी ने कहा- चिराग पासवान बड़े भाई, जल्द शादी करें

## राहुल बोले- यह मुझ पर भी लागू; युवक ने सुरक्षा घेरा तोड़कर राहुल को किस किया

बढ़ता राजस्थान

**पूर्णिया, अररिया (एजेंसी)।** वोटर अधिकार यात्रा के 8वें दिन राहुल-तेजस्वी का काफिला अररिया पहुंचा। यहां मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को शादी करने की सलाह दी।

चिराग को लेकर किए सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, वे एक व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं। हम जनता के हनुमान हैं। चिराग पासवान आज कोई मुद्दा नहीं हैं। मैं उन्हें सलाह जरूर दूंगा, वह हमारे बड़े भाई हैं और उन्हें जल्द से जल्द शादी करनी चाहिए। इस बयान पर राहुल गांधी ने कहा, यह बात मुझ पर भी लागू होती है। इससे पहले रविवार सुबह यात्रा पूर्णिया से शुरू हुई, जहां राहुल गांधी ने बुलेट चलाई। इस दौरान उनके पीछे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बैठे दिखे। राहुल ने 2यरूतक बाइक चलाई।

इस दौरान उनका एक समर्थक अचानक से सामने आ गया। राहुल कुछ समझ पाते, इससे पहले उसने लोकसभा में नेता विपक्ष को किस किया। तब तक सिक्योरिटी गार्ड पहुंच गए और उन्होंने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। वहीं तेजस्वी यादव दूसरी बुलेट पर नजर आए। उनके पीछे बॉडीगार्ड था। यात्रा में तेजस्वी यादव के साथ-साथ मुकेश सहनी, माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद हैं।



#### ढाबे पर चाय पी, शाम को दिल्ली जाएंगे राहुल

**पूर्णिया से अररिया जाने के दौरान जलालगढ़ ब्लॉक में राहुल गांधी ने ढाबे पर रुककर चाय पी। करीब 30 मिनट तक वो ढाबे पर रुके। ढाबे वाले से हालचाल भी पूछा। यहां से आज राहुल गांधी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। कल सोमवार को यात्रा में एक दिन का ब्रेक होगा। 26 अगस्त को प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी।**

### राजस्थान में 4 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**6 नए ट्रेनी ऑफिसर को मिली पोस्टिंग; जयपुर कमिश्नरेट में लगाए दो अफसर**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार ने रविवार दोपहर को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 4 अफसरों के तबादले किए हैं। वहीं 6 ट्रेनी आईपीएस को भी पोस्टिंग दी है। दो आईपीएस को जयपुर कमिश्नरेट में लगाया गया है। जोधपुर कमिश्नरेट में तैनात एसीपी हेमंत कलाल को जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी (ईस्ट) और आईपीएस उषा यादव को एएसपी पाली को जयपुर कमिश्नरेट में एसीपी (चौमूं) के पद पर लगाया गया है। जालोर के सांचौर में तैनात आईपीएस अधिकारी कांबले शरण गोपीनाथ को अलवर शहर में एडिशनल एसपी के पद पर लगाया गया है।

सीकर के नीमकाथाना में तैनात आईपीएस अधिकारी रोशन मीणा को जोधपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी (वेस्ट) लगाया गया है।

### अनुराग ठाकुर बोले-अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति हनुमान

**स्कूली छात्रों से पूछा, बच्चों का जवाब नील आर्मस्ट्रांग; प्रिंसिपल से कहा-परंपराओं पर गौर करें**

बढ़ता राजस्थान



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने बच्चों से कहा कि उन्हें लगता है कि पहले अंतरिक्ष यात्री हनुमान जी थे। ऊना में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर ठाकुर यह बयान दिया। हिमाचल प्रदेश के ऊना में एक पीएम श्री स्कूल में छात्रों से संवाद के दौरान अनुराग ठाकुर ने पूछा कि अंतरिक्ष में यात्रा करने वाला पहला कौन था जिस पर बच्चों ने जवाब दिया कि नील आर्मस्ट्रांग।

इसके बाद अनुराग ठाकुर ने कहा कि उन्हें लगता है कि पहले अंतरिक्ष यात्री हनुमान जी। इसके बाद वे अपना संबोधन कंटीन्यू रखते हैं। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब तक हम अपनी हजारों साल पुरानी परंपरा को नहीं जानेंगे तो जो हमें अंग्रेजों ने दिखाया है वहीं तक सीमित रहेंगे।

उन्होंने छात्रों और प्रिंसिपल से अपने देश की परंपराओं पर गौर करने का आग्रह किया कि वे पाठ्यपुस्तकों से बाहर निकलकर देश की परंपराओं और ज्ञान को समझें और इस दिशा में आगे बढ़ें। अनुराग ठाकुर का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद नई बहस छिड़ गई है।

### जोधपुर में होगी आरएसएस की समन्वय बैठक

**मोहन भागवत और संघ से जुड़े संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे, तीन दिन रहेंगे**

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक जोधपुर में 5,6 और 7 सितंबर को राजस्थान में होगी। RSS की तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक प्रतिवर्ष होती है। इस बैठक में सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी 6 सह सर कार्यवाह और अन्य पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा RSS से जुड़े 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल होंगे। बैठक में राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।

**आगामी योजनाओं को प्रस्तुत करेंगे**-अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया- इस बैठक में राष्ट्रीय एकात्मकता, सुरक्षा एवं सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। वही, हाल ही में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं पर सामूहिक समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी, उपलब्धियां और आगामी योजनाओं को भी प्रस्तुत करेंगे। बता दें की साल 2024 में यह बैठक केरल के पालक्कड़ में हुई थी।

## रूस के न्यूक्लियर प्लांट पर यूक्रेन का हमला

### रूस का आरोप- अपने स्वतंत्रता दिवस पर यूक्रेन ने 95 ड्रोन दागे

बढ़ता राजस्थान

**कीव/ मास्को (एजेंसी)।** रूसी मीडिया के मुताबिक यूक्रेन ने शनिवार देर रात रूस के कुर्स्क क्षेत्र के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ड्रोन हमला किया। यह घटना तब हुई जब यूक्रेन अपना 34वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था। रूस ने आरोप लगाया कि हमले से न्यूक्लियर प्लांट में आग लग गई। रूसी अधिकारियों ने बताया कि रात भर में कई बिजली और एनर्जी प्लांट पर भी हमले हुए। हालांकि न्यूक्लियर प्लांट में लगी आग को जल्द ही बुझा लिया गया और कोई घायल नहीं हुआ। हमले से बस एक ट्रांसफॉर्मर को नुकसान पहुंचा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि रात भर में 95 से ज्यादा यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए गए। दूसरी ओर, यूक्रेन ने कहा कि रूस ने रात भर में 72 ड्रोन और एक क्रूज मिसाइल दागी, जिनमें से 48 ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

#### जेलेंस्की बोले- यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ता रहेगा

रूस पर यह हमला यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हुआ है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के लिए तब तक लड़ता रहेगा, जब तक उसकी शांति की अपील नहीं सुनी जाती। जेलेंस्की ने देश की ताकत और शांति की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम एक ऐसा यूक्रेन बना रहे हैं जो सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो। हमारा भविष्य हमारे हाथ में है। उन्होंने आगे कहा, यूक्रेन अभी तक जीता नहीं है, लेकिन हारा भी नहीं है। जेलेंस्की ने हाल ही में अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया यूक्रेन का सम्मान करती है और उसे बराबरी का दर्जा देती है। आज यूक्रेन और रूस ने 146-146 कैदियों की अदला-बदली भी की।



#### नॉर्वे, यूक्रेन को 6 हजार करोड़ रूपए की सैन्य सहायता देगा

यूक्रेन में स्वतंत्रता दिवस समारोह में अमेरिकी विशेष दूत कीथ केलॉग मौजूद थे, जिन्हें जेलेंस्की ने यूक्रेनी ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी रविवार सुबह जेलेंस्की से मिलने कीव पहुंचे। जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रिय यरमाक ने कहा कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। वहीं, नॉर्वे ने रविवार को यूक्रेन के लिए 6 हजार करोड़ रूपए की सैन्य सहायता की घोषणा की, जिसमें हवाई रक्षा प्रणाली और रडार शामिल हैं। नॉर्वे और जर्मनी मिलकर दो पैट्रियट सिस्टम और मिसाइलों को फंड कर रहे हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# प्रागपुरा में सांसद मंजू शर्मा का भव्य स्वागत, केंद्र की योजनाओं पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस थाने के सामने रविवार को जयपुर शहर की सांसद मंजू शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने गांव और गरीबों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं संचालित की हैं।

पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने सांसद को शॉल ओढ़ाकर और श्याम बाबा का प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मंजू शर्मा के रूप में जयपुर शहर को एक सक्षम और अनुभवी सांसद मिली है, जो शहर के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। सांसद मंजू शर्मा डाबला रोड स्थित दीप मैरीज गार्डन में ब्राह्मण समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए प्रागपुरा पहुंची थीं।



उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने धीमा कर दिया था, लेकिन अब केंद्र और भाजपा की राजस्थान सरकार मिलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। सांसद ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पावटा अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, कोटपूतली अभिभाषक संघ पूर्व कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा उपाध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिंदगी का सफर आराम से तय करें :आचार्य ज्ञानचंद्र

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन परिसर में पर्युषण पर्व के अवसर पर आयोजित धर्मसभा में जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज ने कहा कि जिंदगी एक सफर है, जिसे आराम से तय करना चाहिए। उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं, इसलिए बस समयानुसार गियर बदलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, सफर का मजा लेना है तो सामान कम रखिए और जिंदगी का मजा लेना है तो अरमान कम रखिए।

आचार्य ने समझाया कि पशु-पक्षियों को नींद के लिए किसी दवा या तकिए की जरूरत नहीं होती क्योंकि उनके मन में इच्छाएं और चिंताएं नहीं होतीं। उन्हें केवल पेट भरने के लिए भोजन चाहिए। इंसान अपनी इच्छाओं और अरमानों के कारण ही बेचैन रहता है। साधु हो या श्रावक, सुख वही पा सकता है जिसकी इच्छाएं कम हों।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन में लक्ष्य पाने के लिए दौड़ना गलत नहीं है, लेकिन केवल दौड़ने से सफलता नहीं मिलती। पुरुषार्थ के साथ भाग्य का होना भी आवश्यक है। इसे समझाते हुए उन्होंने कहा, भाग्य और पुरुषार्थ बैंक के लॉकर की दो चाबियों की तरह हैं। केवल एक चाबी से लॉकर नहीं खुलता, उसी तरह जीवन की समस्याओं के ताले खोलने के लिए दोनों का होना जरूरी है।

प्रवचन सभा में दिल्ली, मुंबई, जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, वल्लभनगर, इंदौर, रतलाम, अहमदाबाद, मोरबन, भीम और ब्यावर सहित विभिन्न शहरों से आए सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को कवि अजात शत्रु ने भेंट की कविता संग्रह पुस्तक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु ने शनिवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी नवीन कविता संग्रह पुस्तक 'मगर हमें तो सच गाना' राज्यपाल को भेंट की। राज्यपाल कटारिया, जो सदैव कवियों और साहित्यकारों से मिलने में विशेष रुचि रखते हैं, ने कवि अजात शत्रु से संवाद किया और उनके साहित्यिक कार्य की सराहना की। उन्होंने कवि को पुनः सपरिवार राजभवन आने का आमंत्रण भी दिया।

# पुलिस की संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार सुबह 6.30 बजे 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एडीशनल एसपी सत्येंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में निकाली गई साइकिल रैली करौली रोड स्थित जलसेन से शुरू होकर चौपड़ सर्किल तक पहुंची। रैली में पुलिसकर्मी, सखी, पुलिस मित्र और स्काउट गाइड के स्वयंसेवक शामिल हुए। स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और सभी को रोजाना साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद, यातायात प्रभारी पुरुषोत्तम, स्काउट गाइड के ओपी मंगल और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश तिवाड़ी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रैली का समापन नेहरू पार्क में योग और प्राणायाम सत्र के साथ किया गया।

# राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरसाती पानी में बदहाल, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा/तारानगर (( कृष्ण कुमार ))।** शहर की सबसे पुरानी और बड़ी राजकीय सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल अपनी बदहाली पर खून के आंसू रो रही है। हर साल बरसात के समय स्कूल की बिल्डिंग गंदे और बरसाती पानी से भर जाती है, जिससे कक्षा कक्ष, फर्नीचर, पुस्तकें और स्कूल का सारा रिकॉर्ड नष्ट हो जाता है। इस बार आई तेज बारिश ने स्थिति और बिगाड़ दी, स्कूल में करीब दस फिट तक पानी भर जाने के कारण पूरी बिल्डिंग गटर की तरह बदबू मार रही है। वर्तमान में कक्षा 1 से 12 तक नामांकित छात्रों को अन्यत्र स्कूलों में पढ़ाई के लिए भेजना पड़ रहा है, ताकि गंदगी और पानी के कारण किसी तरह की बीमारी न फैल सके। हालांकि स्कूल की दुर्दशा को लेकर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई, लेकिन किसी ने स्थायी समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाए। स्थानीय जनता का कहना है कि राजनीतिक नेताओं और शिक्षा विभाग के अधिकारियों का जवाब हमेशा यही होता है कि सरकार के सामने बात रखी जाएगी



और अगले बजट में प्रावधान किया जाएगा, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

बरसाती पानी और गंदगी की वजह से स्कूल में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। सभी कक्षा कक्षों में फैली बदबू और पानी के कारण छात्रों के बैठने की स्थिति असुरक्षित है। जबकि सरावगी, जोधानी और भगत परिवार ने इस स्कूल में शानदार भवन बनवाकर शिक्षा विभाग को सौंपा था, विभाग ने इसकी उचित देखभाल नहीं की। कुछ साल पहले भवन के एक भाग को सार्वजनिक निर्माण विभाग ने नाकारा घोषित कर दिया था। समय और राजनीतिक बदलाव के बावजूद तारानगर का यह स्कूल अपनी भव्यता खो चुका है। जिस स्कूल ने कई बड़े उद्योगपति, अधिकारी और नेता तैयार किए, वह अब बरसाती पानी और गंदगी के कारण केवल कचरागाह और गंदे नाले में बदल गया है।

# शिक्षक संघ की आमसभा में नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पावटा ब्लॉक शिक्षक संघ की आमसभा का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष खेमंत गिठाला की अध्यक्षता में स्थानीय कस्बे में किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आगामी मानसून सत्र में विधानसभा घेराव की रणनीति बनाने और संगठन को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के साथ-साथ संविदा सेवा नियम के तहत पद सृजन और नियमितिकरण पर भी चर्चा हुई।

कार्यकारिणी के गठन के अनुसार भागीरथ बैराठी को ब्लॉक अध्यक्ष, श्यामसुंदर टांक और जयप्रकाश स्वामी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, चंद्रभान सिंह शेखावत को संयोजक, नरेश यादव और भागीरथ मल सैनी को महासचिव, राधेश्याम कुलदीप और सियाराम यादव को कोषाध्यक्ष,



गिरिराज गुर्जर और रामवीर मीणा को सचिव, मेहर सिंह शेखावत और राजेश यादव को संगठन मंत्री, सुभाष चंद राठी को संरक्षक, जितेन्द्र सिंह शेखावत और मनोज कुमार बुनकर को मीडिया प्रभारी, संतलाल लुणीवाल को संगठन महामंत्री और सुमन स्वामी, ममता जाट व सुनिता यादव को ब्लॉक महिला प्रभारी नियुक्त किया गया।

# पांचना बांध के चार गेट खोलने के बाद कटकड़ नदी में तेज बहाव, पुलिया पर आवागमन ठप



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** पांचना बांध के चार गेट खोलकर गंभीर नदी में पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण शनिवार को कटकड़ नदी की पुलिया पर तेज बहाव देखा गया। सुरक्षा के मद्देनजर हिंडौन-गंगापुर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और सदर थाना से पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। प्रशासन ने आसपास के सभी गांवों में अलर्ट जारी किया है और नदी क्षेत्र से लोगों और पशुओं को दूर रहने की सलाह दी है। पानी की निकासी के बाद कटकड़, सनेट और दानालपुर क्षेत्र से गुजरने वाली नदी में तेज बहाव देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण भी पुलिया पर पानी का बहाव देखने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें पुलिया क्षेत्र से दूर रहने के निर्देश दिए।

# एसडीएम और एएसपी ने निजी बस मालिकों के साथ बैठक कर यातायात नियमों की दी हिदायत

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** उपखंड कार्यालय में शनिवार को एसडीएम हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में लोक परिवहन और निजी बस मालिकों, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और सिविल पुलिस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने बस मालिकों को विभागीय नियमों के अनुसार बस संचालन के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम हेमराज गुर्जर ने बताया कि निजी और लोक परिवहन बसों के संचालन में दुकानदारों की शिकायतें और मार्गों पर होने वाली मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। विशेष रूप से नेहरू पार्क के पास दुकानों के सामने बसें लंबे समय तक खड़ी होने से जाम की स्थिति बन जाती है। हाल ही में क्यारदा के पास एक लोक परिवहन बस चालक के साथ मारपीट की घटना भी हुई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने स्पष्ट किया कि शहर में बसों के गलत खड़े होने से कानून व्यवस्था बाधित होती है। उन्होंने बस मालिकों को निर्देश दिए कि अपने चालकों को विभागीय नियमों के अनुसार संचालन सुनिश्चित कराएं और किसी भी हालत में शहर की यातायात व्यवस्था को बाधित न होने दें। सरकार द्वारा जारी किए गए बस संचालन के परमिट और नियमों का पालन करना अनिवार्य है। एसडीएम ने जिला परिवहन अधिकारी धारासिंह मीना और यातायात प्रभारी पुरुषोत्तम जाट को निजी और लोक परिवहन बसों को सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार संचालित कराने और नियमों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि एक परमिट पर कई बसों का संचालन नियमों के विरुद्ध है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# कानेटी गांव की सड़क ग्राम पंचायत की अनदेखी के चलते बदहाल, ग्रामीण परेशान

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/करौली ( अंशु गुप्ता )।** ग्राम पंचायत भीमपुर के कानेटी गांव की सड़क बरसात के कारण बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सैकड़ों मीटर सड़क पर कीचड़ और पानी जमा होने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दुपहिया वाहनों के लिए मार्ग पार करना मुश्किल हो गया है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और बाइक सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या की जानकारी सरपंच और संबंधित अधिकारियों को दी, लेकिन अब तक न तो सड़क की मरम्मत हुई है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की गई है।

गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाई जाए और जल निकासी के लिए सड़क किनारे नाली का निर्माण किया जाए, ताकि बरसाती पानी और कीचड़ से आमजन का जीवन प्रभावित न हो।

# स्व. राकेश गुर्जर की द्वितीय पुण्यतिथि पर पावटा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित ग्राम रामपुरा-टोरड़ा के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में समाजसेवी स्व. राकेश गुर्जर की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. राकेश गुर्जर के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कुल 168 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने कहा कि स्व. राकेश गुर्जर का समाजसेवा के प्रति समर्पण अनुकरणीय था। जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर ने रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों से समाज में सेवा की भावना बढ़ने पर प्रकाश डाला। जनसेवक विजय स्वामी ने कहा कि स्व. राकेश गुर्जर की पुण्यतिथि पर आयोजित यह शिविर उनकी यादों को हमेशा




जीवित रखेगा।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विनोद तंवर, संतलाल फौजी, हरिराम सरपंच समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिपाल गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर, मदन गुर्जर, इंद्राज पायलेट, पवन गुर्जर, नेतराम गुर्जर, नरेन्द्र सोलंकी, लोकेश कुमार, नरेश कुमार, योगेश, विकास गुर्जर, दिनेश कुमार, संदीप फौजी गुर्जर, देशराज गुर्जर, रोहित मीणा, दीपक चेलरवाल, मनीष मीणा समेत रामपुरा युवा टीम के सदस्य और ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

# 'कोलकाता किचन', मिलेगा बंगाली व बिहारी व्यंजनों का स्वाद

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहरवासियों के लिए एक नई सौगात के रूप में रविवार को 'कोलकाता किचन' की शुरुआत हुई, जहां लोग अब प्रामाणिक बंगाली और बिहारी फूड का लुत्फ उठा सकेंगे।

संस्थापिका अमृता सिन्हारॉय ने बताया कि यह पहल उनके और उनके पति शानू की है, जिसे एक प्रीमियम कैटरिंग सेवा और सपर क्लब के रूप में शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य उदयपुरवासियों को पारंपरिक बंगाली और बिहारी व्यंजनों का असली स्वाद चखाना है। यह पहला अवसर है जब उदयपुर में किसी रेस्टोरेंट या कैटरिंग सेवा के जरिए केवल बंगाली और बिहारी फूड परोसा जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि वे शहर की फूड कल्चर में नई विविधता और स्वाद लेकर आएंगे।

# दादाबाड़ी में माता त्रिशला के 14 स्वप्नों के दर्शन और भगवान महावीर को झूले में झुलाया गया

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। पर्युषण पर्व के तहत सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में रविवार को भगवान महावीर के जन्मवाचन पर विशेष प्रवचन आयोजित किए गए। इससे पूर्व कल्पसूत्र वाचन का आयोजन भी किया गया। साध्वी विरलप्रभा श्रीजी, साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी और साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी की पावन निश्रा में माता त्रिशला के 14 स्वप्नों के दर्शन कराए गए। जन्मवाचन के पश्चात भगवान महावीर के पालन को झूले में झुलाया गया। झूले की बोली में भाग लेकर धर्म लाभ लेने वाले साधर्मिक परिवार ने भक्ति भाव से पालने को झुलाया। इस अवसर पर श्रावक-श्राविकाओं ने बढ़-चढ़कर बोलियों में भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

ट्रस्ट सचिव दलपत दोशी ने बताया कि जन्मवाचन के दौरान शताधिक श्रावक-श्राविकाओं में हर्षोल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# मूसलाधार बारिश से पावटा का जन जीवन अस्त-व्यस्त, क्यारी वाले हनुमान मंदिर की दीवार गिरी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बा और आसपास के क्षेत्रों में दो दिनों से लगातार रुक-रुककर हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा का ड्रेनेज सिस्टम जलभराव के दबाव के आगे बेबस नजर आया। लगातार हो रही बारिश से मीणों के मोहल्ले स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पास क्यारी वाले हनुमान मंदिर की दीवार जर्जर होकर गिर गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने प्रशासन से तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की है। बरसात के चलते प्रागपुरा के मुख्य बाजार, होली चौक, रामलीला मैदान, लुहारों का मोहल्ला, पावटा में सुभाष चौक, पटेलों का मोहल्ला और सीनियर स्कूल रोड सहित लगभग सभी प्रमुख मार्ग जलमग्न हो गए। नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। वर्षा रुकने के बाद भी लोग अपने घरों और दुकानों से पानी निकालने में जुटे रहे।

स्थानीय लोगों ने नगरपालिकाओं की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जलभराव की समस्या को नजरअंदाज करने के कारण उन्हें हर वर्ष इसी तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि ड्रेनेज सिस्टम को सुधार कर भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के ठोस उपाय किए जाएं।



# साहवा में पितृ तर्पण अमावस्या पर यज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ परिसर में भाद्रपद पद कृष्ण पक्ष की पितृ तर्पण अमावस्या के शुभ अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में पितरों की शांति और वर्षा के लिए भगवान इंद्रदेव की पूजा-अर्चना करते हुए आहुतियां दी गईं। विनोद शर्मा के यजमानित्व में पंडित बनवारीलाल गील और बिसनदयाल गील के सानिध्य में मंत्रोचार किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट हजारी सैनी ने जानकारी दी कि यज्ञ पूजा में रामसरूप खटोतीया, छगन भार्गव, लक्ष्मीनारायण ख्यालिया, गुलाब शर्मा, मालचंद प्रिगावत, निराणाराम खाती, गिरधारी व गोबिंद लम्मानी, मोहनलाल कस्वां, हंसराज सहारण, पूर्णमल सैनी, राकेश सैनी, लालचंद बंसल सहित कई लोग शामिल हुए और उन्होंने यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धा व्यक्त की।

# भारत का लोकतंत्र मजबूत, उसे कोई खतरा नहीं, भ्रम फैलाने वाली ताकतों से लोग सतर्क रहें : विधानसभा अध्यक्ष

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन को किया संबोधित

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है। भारत के लोकतंत्र को किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। भारत के संविधान की जड़े भी बहुत गहरी हैं। इसे कोई समाप्त नहीं कर सकता है। भारत के लोगों को एकजुट और एकमुखी होकर काम करना होगा ताकि विश्व को एकता का संदेश जाए। श्री देवनानी ने कहा कि कुछ ताकतें जो भ्रम फैला रही हैं उनसे सभी को सतर्क रहना होगा।

देवनानी ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा वेदों से लेकर संविधान तक फैली हुई है। यह यात्रा दर्शाती है कि भारत आज का केवल लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि यह उसकी आत्मा में सदियों से बसी एक परंपरा है। श्री देवनानी ने कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित स्पीकर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री देवनानी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है जिसकी लोकतांत्रिक परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। यह परंपरा वेदों, उपनिषदों और इतिहास में अंकित है।

देवनानी ने कहा कि जब विश्व के अन्य भागों में मानव समाज शिकार पर आश्रित था और लोग वृक्षों की छालों से अपने शरीर ढकते थे, उस प्राचीन काल में भारत का वैदिक साहित्य राजनीतिक क्षेत्र और शासन व्यवस्था की अत्यंत परिपक्व अवधारणा से समृद्ध हो चुका था। उन्होंने कहा कि भारत भूमि पर उस युग में ही गणराज्य, लोकतंत्र तथा राष्ट्र की अवधारणा न केवल विकसित हो चुकी थी, अपितु उनका भू- सांस्कृतिक, भू राजनीतिक तथा सार्वभौम शासन से संबंधित गहन विमर्श भी प्राचीन ग्रंथो में संकलित हो चुका था।

देवनानी ने कहा कि वर्तमान में भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कहे जाने का आधार केवल इसकी जनसंख्या की विशालता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उसकी लोकतांत्रिक संरचना, परंपरा और व्यापक जनसंख्या में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत में संविधान द्वारा स्थापित लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं बल्कि एक जीवन्त सामाजिक अनुशासन है, जो विविधता में एकता, विचारों की स्वतंत्रता, सार्वभौमिक मताधिकार और न्याय प्रियता पर आधारित है।

देवनानी ने कहा कि भारत में नियमित स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, स्वतंत्र न्यायपालिका जीवन्त संसद, सक्रिय मीडिया और मजबूत नागरिक समाज इस लोकतंत्र की स्थायितवशीलता और गहराई को प्रमाणित करते हैं।

देवनानी दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सहित देशभर की राज्य विधानसभा एवं विधान परिषदों के लगभग 60 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा द्वारा केंद्रीय विधानसभा के प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर श्री वीर विट्ठल भाई पटेल का शताब्दी समारोह भी आयोजित किया जा रहा है।

# पत्नी की हत्या कर पति भागा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** रामनगरिया थाना इलाके में पत्नी की हत्या कर पति के भागने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि कमरे में बेड पर महिला की लाश पड़ी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के मामा की ओर से हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे पति की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी पूजा जाटव (27) की हत्या हुई है। जिसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके बाद वह अपने मामा लाला राम के साथ रह रही थी। साल-2017 में उसकी शादी अमित कुमार से हुई थी। पति अमित के साथ दिल्ली में रहने के दौरान झगड़े होने लगे। पति अमित के पास अपने बेटे को छोड़कर वह जयपुर आकर रहने लगी। करीब पिछले तीन साल से रामनगरिया इलाके में अलग-अलग जगह पर पूजा किराए से रह रही थी। वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती थी। उसका पति अमित कभी-कभार उससे मिलने जयपुर आया करता था। तीन महीने पहले अपनी मर्जी से उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी करनपाल से शादी कर ली। दूसरी शादी करने के बाद वह पति करनपाल के साथ रह रह रही थी। करनपाल व पूजा ने महज तीन दिन पहले ही रामनगरिया के अतिस्या विहार में किराए पर कमरा लिया था। 19 अगस्त से ही दंपती किराए पर लिए कमरे में आकर रहने लगे थे। 22 अगस्त को सुबह पूजा ने खाना बनाया था। पड़ोसियों ने सुबह तक दोनों को हंसी-खुशी साथ में देखा था। दोपहर बाद थैला लेकर कमरे से निकल करनपाल को भागते हुए जाते देखा गया। पड़ोसियों ने करनपाल के भागते हुए जाने के बारे में मकान मालिक को बताया। शक पर मकान मालिक के जाकर देखने पर कमरे का खुला हुआ था। चारपाई पर मृतावस्था में पूजा पड़ी हुई थी। कमरे में लाश पड़े होने का पता चलने पर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पूजा की मौत को लेकर जांच की जा रही है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# एनआईए जयपुर में पहली बार आयुर्वेद आहार पर राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन

### 25 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक चलेगा छह दिवसीय कार्यक्रम, देशभर से आएंगे विशेषज्ञ, आयुर्वेदिक आहार उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी



बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर द्वारा पहली बार आयुर्वेद आहार विषय पर एक विशेष राष्ट्रीय स्तरीय सतत चिकित्सा शिक्षा (ष्ट्रस्ध्) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक एनआईए परिसर में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम E&ploring Ayurveda Aahara: Scientific Insights into Traditional Dietary Practices विषय पर आधारित होगा। जिसका उद्देश्य है पारंपरिक आयुर्वेदिक आहार सिद्धांतों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझना, उनके पोषण संबंधी लाभों का अध्ययन करना तथा उन्हें समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में सम्मिलित करने के संभावित उपायों पर विचार-विमर्श करना।

यह आयोजन संयुक्त रूप से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग एवं स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमे आयुर्वेद आहार से संबंधित शास्त्रीय ज्ञान, आधुनिक वैज्ञानिक विश्लेषण, और प्रयोगात्मक उपयोग पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोग निवारण में पथ्य कल्पना की भूमिका पर विशेषज्ञ व्याख्यान, आयुर्वेद आहार की प्रभावी औषधीय रूपों को आधुनिक बाजार में अपनाने की संभावनाएं, विश्लेषण के लिए प्रयुक्त वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकें, प्राकृतिक रंगों का प्रयोग, शेल्फ लाइफ और सुरक्षा मानकों की समीक्षा आयुर्वेद आहार उत्पादों की डिज़ाइनिंग, पोषण मूल्यांकन और पैकेजिंग समाधान, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक और नियमों की जानकारी, वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद आहार की व्यावसायिक संभावनाओं के साथ और भी कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग, ने बताया कि यह कार्यक्रम आयुर्वेद के शास्त्रीय ज्ञान को समकालीन वैज्ञानिक संदर्भों में प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से आयुर्वेद आहार को न केवल चिकित्सकीय दृष्टिकोण से बल्कि वैश्विक पोषण प्रणाली में भी समायोजित किया जा सकेगा। इस सीएमई कार्यक्रम में देशभर के 30 से अधिक शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं भाग लेंगे। साथ ही, FSSAI, CFTRI, AYUSH मंत्रालय, और विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों से विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह आयोजन अंतरविषयक संवाद, नवीन शोध की संभावनाओं, और वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली में आयुर्वेद की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर फोटोग्राफी महाकुंभ की हुई भव्य शुरुआत

### राजस्थान की सबसे बड़ी फोटो एग्जिबिशन 362 फोटोग्राफर 680 फोटो डिस्प्ले

## 24 से 26 अगस्त तक होगा तीन दिवसीय नज़र फोटोग्राफी एग्जिबिशन का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर में तस्वीरों का महाकुंभ की शुरुआत रविवार को भव्य आयोजन के साथ शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन सीईओ मैनेजिंग एडिटर फर्स्ट इंडिया, पवन अरोड़ा ने किया राजस्थान की सबसे बड़ी फोटो एग्जिबिशन जवाहर कला केंद्र की सहभागिता व राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में एक बार फिर बहुप्रतीक्षित फोटोग्राफी महाकुंभ नज़र फोटो एग्जिबिशन का आयोजन किया जा रहा है।

जवाहर कला केन्द्र में एग्जिबिशन का चौथा सीजन 24 से 26 अगस्त तक होगा। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन भारतवर्ष के फोटोग्राफी प्रेमियों और पेशेवरों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन अपनी विशालता और विविधता के लिए जाना जाता है, जिसमें 362 से अधिक प्रतिभागी और 680 से अधिक उत्कृष्ट तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। यह एकमात्र ऐसा फेस्टिवल है जहां प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर भारतवर्ष के फोटो पत्रकार, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, फोटोग्राफी के छात्र और पेशेवर फोटोग्राफर भी हिस्सा लेते हैं। इसमें 8 से अधिक देशों और 12 से अधिक राज्यों के कलाकार अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवा चुके हैं।

इसी में तीन तीन पेंटिंग एग्जीबिशन का भी आयोजन हे जिसमें कई प्रसिद्ध आर्टिस्टों की पेंटिंग डिस्प्ले की गई।नज़र आर्ट में 18 आर्टिस्ट ने अपनी 45 पेंटिंग डिस्प्ले की।जिसमें कलाकार कई राज्यों से आए है आर्ट को क्यूरेट अदिति अग्रवाल ने किया।

इस प्रदर्शनी में मोबाइल फोन से खींचे गए फोटो को भी प्रदर्शित किए गए हैं। एग्जिबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया 362 फोटोग्राफर 680 फोटो डिस्प्ले ।

पवन अरोड़ा ने किया उद्घाटन। अतिथि में आर ए एस पंकज ओझा, रामाज रिसॉर्ट ऑनर मोहित टेलर, समाज सेवी पवन गोयल, जे डी माहेश्वरी, रघु आदित्य,नितिन गोधा,आर जे सूफी, उपस्थित रहे।

# सन्डे ऑन साईकिल अभियान के तहत निकाली साईकिल रैली

### आमजन को फिट इंडिया-हेल्दी इंडिया के संकल्प का दिया संदेश




बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला कोटपूतली-बहरोड़ में जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देषन में एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में कोटपूतली थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा, पनियाला थानाधिकारी मोहरसिंह, महिला पुलिस थानाधिकारी प्रदीप यादव की टीम द्वारा सन्डे ऑन साईकिल अभियान के तहत रविवार को फिट इंडिया-हेल्दी इंडिया के संकल्प का संदेश दिया गया। अभियान के तहत यहां के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के ग्राउण्ड में योगा व जुम्बा का आयोजन किया गया। वहीं कस्बे के मुख्य मार्गो से साईकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। अभियान में पुलिस कार्मिकों के साथ-साथ विभिन्न विधालयों के छात्रों, विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों व आम नागरिकों ने भाग लिया। इस मौके पर योग गुरु डॉ. हरीश कुमार गुर्जर व रोशन रावत के मार्गदर्शन में योगा करवाया गया। जिसमें पुलिस कार्मिकों, शिव सरस्वती स्कूल, हंस स्कूल, इम्मानुअल स्कूल, द राजस्थान स्कूल समेत विभिन्न विधालयों के स्टॉफ एवं छात्रों, पल्स अस्पताल के निदेषक डॉ. महेन्द्र पलसानियां व आमजन समेत करीब 250 लोगों ने भाग लिया। साईकिल रैली राजकीय सरदार विधालय के ग्राउण्ड से शुरु होकर कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन में फिट इंडिया-हेल्दी इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में सोमवार को रहेगा अवकाष

### जिला कलक्टर ने अति वर्षा की चेतावनी एवं पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुये की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने मौसम विभाग द्वारा जारी जिले में अति वर्षा की चेतावनी एवं पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुये आदेश जारी कर जिले के समस्त आंगनबाडी केंद्रों एवं कक्षा 01 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये सोमवार 25 अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

जिला कलक्टर ने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 01 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर लागू होगा। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्टॉफ यथावत कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्देशित किया है कि वह आदेश की अक्षरश: पालना कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान/प्रभारी आंगनबाड़ी केंद्र उक्त समयावधि में विद्यालय एवं आंगनबाडी केंद्र संचालित करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के वार्ड नंबर 26, कुम्हारों का मोहल्ला में एक विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जो मानवता की सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस शिविर का आयोजन समाजसेवी दयाराम प्रजापति (भाजपा नगर मंत्री) द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधिराधा पटेल ने किया,जिन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए दयाराम प्रजापति की सराहना की।विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं, जिनमें शामिल हैं-डॉ. पुष्कर राज गुर्जर (नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन),डॉ. शेखर गुर्जर (एमबीबीएस, एमडी - जनरल मेडिसिन),डॉ. संजय रावत (हड्डी रोग विशेषज्ञ),डॉ. संतोष पटेल (कंसल्टेंट फिजियोथैरेपीस्ट)डॉ. शुभम गौड़ (नाक, कान, गला एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ)इन विशेषज्ञों ने 681 मरीजों की नि:शुल्क जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ भी मुफ़्त में दी गईं। इस शिविर से वार्डवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।

### मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म

भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेंद्र चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर से लोगों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर, चिकित्सा शिविर में आए सभी डॉक्टरों और उनकी टीम के सदस्यों का सम्मान किया गया। समाजसेवी दयाराम प्रजापति ने शिविर में उपस्थित सभी अतिथियों, समाजसेवियों और वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया।इस नेक कार्य को सफल बनाने के लिए कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें नागाजी मंदिर के सीताराम दास जी महाराज, भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी एडवोकेट अशोक सुरेलिया, जिला मंत्री महेश सैनी,भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल,पत्रकार धर्मवीर कुमावत,एडवोकेट कमल कुमार शर्मा, कमल कुमार सैनी, विजय कुमार आर्य पार्षद प्रतिनिधि,कमलेशप्रजापति,रमन सैनी,अमितसैनीगौसेवक,अरविंद वर्मा, सतीश योगी,सीताराम बंसल,बाबूलाल सैनी,कैलाश रावत, धुडाराम गुर्जर,सोनाराम गुर्जर, लीलाराम प्रजापति, प्रधानाध्यापक राजकुमार सैनी,विक्रम सैनी, लीलाराम सैनी,मदन सैनी, सीताराम जांगिड़, देवीसहाय सैनी, बोदनराम सैनी, विशंभर दयाल सैनी,ओमप्रकाश सैनी, रोहिताश सैनी,पुष्पेन्द्र बसीठा,बनवारीलाल कुमावत(दिल्लीपुलिस) ,एडवोकेट निरंजन कुमावत, अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारेहड़ा कार्यकारिणी में उदय तोदवाल महासचिव बने

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर यह नियुक्ति की है। जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारेहड़ा के अध्यक्ष सतीश निमोरिया की सिफारिश पर,सरुड निवासी उदय तोदवाल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारेहड़ा की कार्यकारिणी में महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

# पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

## जयदर्थ यादव जिलाध्यक्ष व पुष्करमल रावत सभाध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला स्तरीय चुनाव रविवार को राम शिक्षा समिति उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में सम्पन्न हुये। जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर पुन: जयदर्थ यादव को चुना गया। जिला सभा अध्यक्ष पद पर भी सर्वसम्मति से पुष्करमल रावत को चुना गया। यह चुनाव प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुये। खैरथल-तिजारा जिलाध्यक्ष नरेश यादव चुनाव अधिकारी व घमंडीलाल जाट चुनाव पर्यवेक्षक रहे। निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। जिले की सभी सात उप शाखाओं के सदस्यों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया।

संचालन सुनील मेहता ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद गुर्जर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष परिवाद समिति, प्रदेश उपाध्यक्ष सज्जन सिंह, पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, प्रो. जगराम गुर्जर, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल, सभा अध्यक्ष हवासिंह, बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम चौधरी, सभा अध्यक्ष दाताराम यादव, बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष रामभरोस यादव, सभा अध्यक्ष बुद्ध सिंह, नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष राज सिंह, सभा अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, पावटा ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास यादव, सभा अध्यक्ष कमलेश जाट, विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल, नारायणपुर कार्यकारिणी से रघुवीर सिंह, हरपाल यादव, जसवंत सिंह, विनोद कुमार, शेरसिंह, मीडिया प्रभारी विकास कुमार, सत्यव्रत सिंह, किशोर सिंह, राजेंद्र मेहता, सुभाष यादव, रविन्द्र कुमार, मोहनलाल यादव, सुजान सिंह, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# अमेरिका को जवाब, ट्रंप का दोहरा रवैया बेनकाब

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह कहकर एक तरह से अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब दिया कि यदि आपको भारत की ओर से रूस से तेल खरीदने में परेशानी है तो आप उसे हमसे न खरीदें। ज्ञात हो कि भारत रूस से जो कच्चा तेल खरीदता है, उसके रिफाइंड उत्पादों के खरीदारों में यूरोप के साथ अमेरिका की भी गिनती होती है। यह तथ्य सामने रखकर भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दोहरे रवैये को बेनकाब करने का ही काम किया।

ऐसा करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता सफल न होने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने रूस से तेल खरीदने को तूल देकर जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाने की घोषणा की। इस घोषणा पर 27 अगस्त से अमल होना है। ट्रंप का तर्क है कि भारत रूस से तेल खरीदकर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में मदद कर रहा है। यह बेतुका और हास्यास्पद आरोप है, क्योंकि रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार तो चीन है, जिसके प्रति वे कठोर कदम उठाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। यूरोप भी बड़ी मात्रा में रूस से गैस खरीदता है। खुद अमेरिका रूस से उर्वरक खरीद रहा है।

यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्री जयशंकर ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि जो व्यापार समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लिए काम करते हैं, वे दूसरों अर्थात भारत पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जो अमेरिका एक समय मुक्त व्यापार की वकालत करता था और दुनिया भर के देशों पर इसके लिए दबाव डालता था, वह आज घनघोर संरक्षणवादी रवैया अपनाए हुए है। इस रवैये का परिचय ट्रंप के साथ-साथ अमेरिका के अरबपति कारोबारी भी दे रहे हैं। इस सबके बावजूद अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत होने का नाम नहीं ले रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के खिलाफ अपनी मनमानी टैरिफ नीति को लेकर चाहे जितने बड़े बोल बोलें, सच्चाई यह है कि भारत अब उनके दबाव में आने वाला नहीं है। उसे आना भी नहीं चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने यही संदेश देने के लिए यह कहा कि भारत ने अमेरिका से व्यापार वार्ता के मामले में लक्ष्मण रेखा खींच दी है। वस्तुतः यह नए भारत का संदेश है।

यदि ट्रंप ने अपने मनमाने रवैये का परित्याग नहीं किया तो अमेरिका को और मुश्किल होगी, क्योंकि अब वह इस स्थिति में नहीं कि भारत जैसे देशों को अपनी ऐसी सामग्री खरीदने के लिए बाध्य कर सके, जो उपयोगी नहीं। वैसे भी अमेरिका मुख्यतः हथियार बेचता है और इसके लिए अस्थिरता एवं टकराव को बढ़ावा देता है। यह भी ध्यान रहे कि ब्रिक्स जैसे संगठन अमेरिका का मुकाबला करने के लिए कमर कस रहे हैं।



## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 25 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सुल्तान फिरोजशाह तुगलक तृतीय की ताजपोशी 1351 में की।
- टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने 1916 में जर्मनी को पराजित किया।
- ब्रिटिश इंडिया आर्मी में सेवाएं दे रहे 7 भारतीयों को 1917 में पहली बार किंग्स कमीशन मिला।
- लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में 1940 को शामिल हुए।
- भारतीय पोलो टीम ने 1957 में विश्व कप जीता।
- सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को 1963 में फाँसी पर चढ़ा दिया गया।
- भारत पोलो विश्व विजेता 1975 में बना।
- सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से 1977 को शुरु हुआ।
- जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में 1980 को शामिल हुआ।
- ईरान और इराक के बीच 1988 में युद्ध के बाद सीधी बातचीत का दौर शुरू।
- सोवियत संघ से अलग होकर 1991 में स्वतंत्र देश बना।
- ब्रिटिश अखबार ने 1992 में राजकुमारी डायना की बातचीत का ब्योरा जारी किया, इसमें उन्होंने प्रिंस से शादी पर नाखुशी जाहिर की थी।
- मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति 1997 में नियुक्त।
- लंदन में आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 2001 को 400 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने।
- मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया और मुंबी देवी मंदिर के पास 2003 को हुए कार बम विस्फोट में 50 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई तथा 150 से अधिक घायल हो गए।
- मध्य प्रदेश सरकार ने 2008 में वर्ष 2008-09 के लिए सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को बीमा करने का अनुरोधन किया।
- श्रीलंका की सरकार ने 2011 को देश में घोषित आपातकाल को 30 वर्ष बाद वापस लिया।
- वोयेजर 1 सौरमंडल से बाहर अंतरिक्ष में दाखिल होने वाला पहला मानवनिर्मित यान 2012 में बना था।

### 25 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- एक पाकिस्तानी गणितज्ञ, तर्कज्ञ, राजनीतिक सिद्धांतवादी, इस्लामी विद्वान और खाकसार आंदोलन के संस्थापक अल्लामा मशरिकी का निधन 1888 में हुआ।
- पाँचवीं लोकसभा के सदस्य बाबूराव काले का जन्म 1926 को हुआ था।
- ग्यारहवीं लोकसभा की सदस्य लुईस इस्लेरी का जन्म 1948 को हुआ था।
- अभिनेता एवं नेता विजयकान्त का जन्म 25 अगस्त 1952 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# जीएसटी दरों में बदलाव : आत्मनिर्भर, सशक्त और न्यायपूर्ण व्यवस्था की ओर कदम



सुनील कुमार महला

सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में बड़े बदलाव कर आम जनता को राहत देने की घोषणा की गई थी और अब इस क्रम में केंद्र सरकार को जीएसटी में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को हटाने की राज्यों के मंत्रियों की समिति (जीओएम) से भी मंजूरी मिल गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जीएसटी दरों में कटौती और जनहित में लिए गए फैसले निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता के लिए राहत लेकर आए हैं।सच तो यह है कि जब सरकार जनता की जरूरतों और महँगाई के दबाव को ध्यान में रखकर कर दरों को कम करती है, तो इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों को भी मिलता है। बहरहाल,यह बात बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि फ्रांस को विश्व में जीएसटी का जनक कहा जाता है, क्योंकि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लागू करने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश था।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि 2016 में संसद के दोनों सदनों द्वारा संवैधानिक (122वाँ संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद वस्तु और सेवा कर व्यवस्था लागू हुई थी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भारत में वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण, बिक्री और उपभोग पर अप्रत्यक्ष कर है,जो हमारे देश में 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ था। गौरतलब है कि वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से पेश किया गया था तथा यह देश के सबसे बड़े अप्रत्यक्ष कर सुधारों में से एक है। इसे %वन नेशन वन टैक्स% के नारे के साथ पेश किया गया था।यह भी उल्लेखनीय है कि जीएसटी में उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्द्धित कर (वैट), सेवा कर, विलासिता कर आदि जैसे अप्रत्यक्ष करों को सम्मिलित किया गया है। दरअसल, जीएसटी कर के व्यापक प्रभाव या कर के भार को कम करता है , जो अंतिम उपभोक्ता पर भारित होता है। जीएसटी का महत्व या फायदा यह है कि इससे एक साझा राष्ट्रीय बाजार का निर्माण होता है। विदेशी निवेश और %मेक इन इंडिया% अभियान को बढ़ावा मिलता है।

केंद्र और राज्यों तथा केंद्रशासित राज्यों के बीच कानूनों, प्रक्रियाओं और कर की दरों में सामंजस्य स्थापित होता है। टैक्स चोरी हतोत्साहित होती है। टैक्स सिस्टम को निश्चितता मिलती है तथा भ्रष्टाचार में भी कभी आती है। इससे निर्यात और विनिर्माण गतिविधि को बढ़ावा मिलता है, अधिक रोज़गार पैदा होते हैं और इस प्रकार लाभकारी रोज़गार के साथ सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होती है ,जिससे वास्तविक आर्थिक विकास होता है।बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने वाला भारत का पहला राज्य असम था, जिसने 12 अगस्त 2016 को जीएसटी बिल को मंजूरी दी थी. यह विधेयक सर्वसम्मति से असम विधानसभा में पारित किया गया था, जिससे असम जीएसटी को अपनाने वाला पहला राज्य बन गया। हाल फिलहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जब किसी देश में जीएसटी दरें अधिक होती हैं, तो इसके कई नकारात्मक असर दिखाई देते हैं।मसलन, महंगाई बढ़ती है।ऊँची दरों से वस्तुएँ और सेवाएँ महँगी हो जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ज़्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जब चीज़ें महँगी होती हैं तो लोग उनकी खरीद कम कर देते हैं और इसका असर व्यापार और उद्योग पर पड़ता है।छोटे कारोबारियों पर दबाव बढ़ता है। दरअसल, ऊँचे टैक्स के कारण उत्पादन लागत बढ़ती है। छोटे और मझोले व्यापारी प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाते। जीएसटी अधिक होने से काला बाज़ारी और टैक्स चोरी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। अधिक दरें अक्सर लोगों को टैक्स से बचने के लिए अवैध रास्ते अपनाने पर मजबूर करती हैं। हालांकि, जीएसटी में वृद्धि सरकार के लिए सकारात्मक पहलू है। मसलन, जीएसटी दरों में वृद्धि से राजस्व में वृद्धि होती है। ऊँची दरों से सरकार को ज़्यादा टैक्स मिलता है, जिसका इस्तेमाल विकास और कल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकता है।

इतना ही नहीं,महँगी वस्तुओं की खपत पर नियंत्रण होता है।विलासिता की वस्तुओं (लग्ज़री गुड्स) पर ऊँचे जीएसटी से उनकी खपत कम होती है, जिससे समाज में संतुलन बना रहता है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि जीएसटी दरों के अधिक होने से उपभोक्ता महँगाई का बोझ झेलते हैं, व्यापार पर असर पड़ता है, लेकिन सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होता है। बहरहाल, जीएसटी दरों में कटौती का सरकार का यह फैसला महँगाई नियंत्रण, व्यापार सुगमता और उपभोग वृद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा सकता है। इससे जहाँ आम नागरिकों को रोजमर्रा की वस्तुएँ सस्ती मिलेंगी, वहीं व्यापारिक जगत में मांग भी बढ़ेगी। कर संरचना सरल होने से छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत पहुँचेगी। इससे न केवल लोगों की जेब पर बोझ कम होगा, बल्कि अर्थव्यवस्था में भी नई गति आएगी। सरकार के इस निर्णय से अब लगभग 90 फीसदी वस्तुएं सस्ती हो जायेंगी। हालांकि, विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसदी कर( महंगी कारों जैसे अल्ट्रा लग्जरी (विलासिता) उत्पादों पर 40 फीसदी के अतिरिक्त भी कर) होगा, लेकिन जीएसटी दरों में बदलाव से मध्य वर्ग, किसानों और एमएसएमई( सुक्ष्म ,लघु और मध्यम उद्यम) को निश्चित ही बड़ी राहत मिलेगी। अच्छी बात है कि राज्यों के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब पांच और 18 फीसदी रखने के केंद्र के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। अब मामले को जीएसटी परिषद की अगली बैठक में रखा जाएगा, जो इस पर अंतिम फैसला करेगी। पाठकों को बताता चलूं कि जीएसटी बदलाव के बाद जिन 99 फीसदी वस्तुओं पर पहले 12 फीसदी कर लगता था, वे सभी अब 5 फीसदी वाले स्लैब में आ जाएंगी। इसी तरह, 28 फीसदी स्लैब वाली 90 फीसदी वस्तुएं 10 फीसदी सस्ती हो जाएंगी। जीएसटी के दो स्लैब 5 व 18 फीसदी होने से न सिर्फ रोजमर्रा एवं अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें घटेंगी, बल्कि मांग और खपत को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, राजस्व नुकसान व भरपाई को लेकर भी चिंताएं जताई गई हैं।इस संदर्भ में यह भी कहा गया है कि राज्यों के राजस्व की सुरक्षा तय करते हुए दरें तर्कसंगत बनानी चाहिए, अन्यथा गरीब, मध्य वर्ग और बुनियादी परियोजनाओं के साथ कल्याणकारी योजनाओं को नुकसान होगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जीएसटी दरों में कमी के चलते नमकीन, टूथपेस्ट, साबुन, दवाएं आदि सस्ती होंगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन पर टैक्स 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी होगा।

# पर्युषण पर्व - आत्मशुद्धि, क्षमा और शांति की ओर बढ़ता हुआ कदम



संजय खाबिया

**भारत की आध्यात्मिक धारा में जैन धर्म का योगदान अत्यंत गहन और प्रेरणादायी रहा है। जैन समाज का प्रमुख पर्व पर्युषण केवल धार्मिक आस्था का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को उच्च मूल्यों से जोड़ने का पावन अवसर है। यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद मास में आता है। श्वेतांबर परंपरा में इसे पर्युषण महापर्व और दिगंबर परंपरा में दशलक्षण पर्व कहा जाता है। दोनों ही परंपराओं का उद्देश्य एक ही है—आत्मशुद्धि, क्षमायाचना और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर आगे बढ़ना।**

**आत्मशुद्धि का महापर्व**

'पर्युषण' का शाब्दिक अर्थ है—भीतर ठहरना। इसका भाव है कि मनुष्य संसार की बाहरी हलचल से थोड़ा हटकर अपने भीतर झाँके, आत्मा की शुद्धि करे और जीवन की सही दिशा पहचाने। इन दिनों जैन धर्मावलंबी उपवास, तपस्या, जप, ध्यान और स्वाध्याय में लीन रहते हैं। बाहरी आडंबर कम करके आत्मा की ओर यात्रा करना ही इस पर्व की सच्ची साधना है। आत्मशुद्धि का अर्थ है अपने दोषों को स्वीकारना और उन्हें सुधारने का संकल्प लेना। जब तक मनुष्य अपने भीतर से क्रोध, अहंकार, लोभ और मोह को नहीं मिटाता, तब तक धर्म केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है।

**महावीर का दर्शन और पर्युषण**

पर्युषण पर्व भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाओं से अनुप्राणित है। महावीर ने कहा था अहिंसा परमो धर्मः। उनके अनुसार धर्म का मूल किसी भी जीव को कष्ट न पहुँचाना है। चाहे वह मनुष्य हो, पशु हो या फिर प्रकृति का कोई अंश—सबमें आत्मा का वास है।

महावीर का यह भी उपदेश था— जियो और जीने दो। यह वाक्य केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन जीने का पूर्ण दर्शन है। इसमें सहिष्णुता, सहअस्तित्व और करुणा का गहरा संदेश है। पर्युषण के अवसर पर महावीर का यह दृष्टिकोण विशेष रूप से प्रासंगिक हो उठता है। जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर देखता है, तो उसे अहसास होता है कि उसकी अनेक गलतियों से दूसरों को दुख पहुँचा है। इन्हीं क्षणों में क्षमा और करुणा का भाव जाग्रत होता है।

**क्षमायाचना - संबंधों का नवनीकरण**

पर्युषण का अंतिम दिन, जिसे संवत्सरी कहा जाता है, क्षमा-याचना का पर्व है। इस दिन जैन समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने परिजनों, मित्रों और परिचितों से हाथ जोड़कर कहता है मिच्छामि दुक्कड़म अर्थात मेरे मन, वचन या कर्म से आपको जो भी दुख पहुँचा हो, मैं हृदय से क्षमा चाहता हूँ। इस परंपरा का प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक भी है। क्षमा माँगने से मनुष्य का अहंकार गल जाता है और रिश्तों में नई मिठास भर जाती है। एक क्षण की क्षमायाचना वर्षों की दूरी को समाप्त कर सकती है।

**समाज और सेवा का आयाम**

पर्युषण पर्व के दौरान जैन समाज केवल धार्मिक साधना तक सीमित नहीं रहता। इन दिनों सेवा और परोपकार के कार्य भी बड़े स्तर पर किए जाते हैं—

गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन व वस्त्र देना,
रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना,
पशु-पक्षियों के लिए आहार और जल की व्यवस्था करना,
शिक्षा और संस्कार के लिए सहयोग करना।

इन कार्यों से यह संदेश मिलता है कि धर्म केवल अपने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण से जुड़ा हुआ है।

**आधुनिक समय में महावीर का संदेश-** आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं में उलझकर तनाव, अविश्वास और द्वेष से घिर गया है। परिवारों में टूटन, समाज में वैमनस्य और विश्व में हिंसा की घटनाएँ बढ़ रही हैं। ऐसे समय में महावीर का दर्शन और पर्युषण का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं मीना तनेजा जी। एक ऐसी महिला जो एक अच्छी पत्नी हैं,एक अच्छी मां हैं एक अच्छी महिला हैं व एक अच्छी समाजसेविका हैं। जी हां आज जीक्र कर रहे हैं हम समाजसेवी मीना तनेजा की। मीना तनेजा जी का जन्म 27 मई को जयुपर में हुआ और बाबा ठाकुरदास परिवार की पुत्रवधु के रूप में अलवर आई जहां बाबा कलाकंद के महेन्द्र तनेजा के साथ 17 फरवरी 1982 को आनन्द कारज में प्रणय सूत्र बंधन में बंधी और घर परिवार की जिम्मेदारी संभाली। नेक कमाई फाउंडेशन,राम कथा,ओल्ड ऐज होम व आपनाघर आश्रम से जुडी हुई हैं समय समय पर सामाजिक सेवा में आगे रहती हैं। राम-लखन से दो पुत्र अभिषेक तनेजा और आशीष तनेजा को अपनी कोख से जन्म देकर सच में धन्य हुई हैं। बुजुर्गो के आर्शिवाद को सर्वोपरि रखते हुए अपने दोनों बच्चों में समाजसेवा के संस्कार अविरल रूप से भरे हैं। कम्पनी बाग में बुजुर्ग लोगों को चाय पिलाना इनके परवरिश के गुणों को बताता है। एक शानदार समाजसेविका के रूप में अलवर की जनता में इनकी पहचान है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



मीना तनेजा
(समाजसेविका)

## Today — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | | | 6 | 7 | 1 |
| | | | | | | 8 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | 8 | | | |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 4 | | | 8 | | 1 | | | 5 |
| | | 2 | | | 3 | | | |
| | | | 4 | 7 | | 9 | | |
| | 5 | 7 | | | | | | |
| 3 | 4 | 1 | | | | | | 2 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

**वृष**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। मायके से अच्छे समाचार

**मिथुन**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। साथी कर्मचारी

**कर्क**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**सिंह**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है।

**कन्या**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**तुला**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें।

**वृश्चिक**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**धनु**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मकर**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

**कुंभ**
किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**मीन**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

# आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जडावता गांव में संभाला मोर्चा

## राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन, पुलिस, सेना और बचाव दल जुटे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार वर्षा से जडावता गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में जलभराव और कटाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा रविवार को स्वयं मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली। इस अवसर पर उनके साथ जिला कलक्टर काना राम, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कसवा, उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह पत्रक, तहसीलदार मदनलाल मीणा, आर्मी की रैपिड 18 डिवीजन के मेजर तूफेल मोहम्मद व मेजर अभिनव राय, सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें मौजूद रहीं।

जल संसाधन विभाग अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा के निर्देशन में जाडावता नहर पर जाडावता गांव में जा रहे हैं पानी को रोकने के लिए रेत , मिट्टी के कट्टे भरकर लगातार लगाए जा रहे हैं। ताकि गांव में आ रहे पानी के बहाव को कम किया जा सके।

गांव में कटाव और जलभराव से प्रभावित घरों एवं मंदिर की सुरक्षा को लेकर मंत्री डॉ. मीणा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ पूरे दिन हालात का जायजा लिया। पानी की धारा को डायवर्ट करने के लिए प्रशासन और सेना ने संयुक्त रूप से विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की।

अंततः मंत्री डॉ. मीणा ने स्वयं मौके पर खड़े रहकर नहर के अवरोध को हटवाया तथा पानी की धारा को दो-तीन अलग-अलग दिशाओं में मोड़कर निकासी सुनिश्चित करवाई। मकानों को गिरने से बचाने के लिए एलएनटी मशीन से अस्थायी बांध बनाकर पानी का बहाव मोड़ा गया और कटाव को नियंत्रित किया गया। इससे प्रभावित मकान एवं मंदिर को सुरक्षित बचाया जा सका।

स्थानीय निवासियों, विशेषकर जडावता और कोशाली गांव के ग्रामीणों को समझाइश देकर सहयोग लिया गया। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीमें लगातार मोर्चा संभाले हुए हैं और किसी भी तरह की जनधन हानि को रोकने के लिए प्रयासरत हैं।

डॉ. मीणा ने कहा कि सरकार आमजन की सुरक्षा और राहत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। किसी भी आपात परिस्थिति में प्रशासन एवं बचाव दल पूरी तरह सतर्क हैं और प्रभावित गांवों में हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।




# अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त गणेश मार्ग एवं त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले की तैयारियों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला कलक्टर काना राम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में बीते दो दिनों से मूसलाधार वर्षा के चलते त्रिनेत्र गणेश धाम जाने वाला मुख्य मार्ग (गणेश मार्ग) क्षतिग्रस्त हो गया है। श्री त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला-2025 के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार प्रातः जिला कलक्टर काना राम, उपवन संरक्षक रामानंद भाकर, खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार कस्वा, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरि सिंह मीणा, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा एवं सीओ सिटी उदय सिंह मीणा ने मौके पर पहुंचकर मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर और विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए मार्ग की त्वरित मरम्मत प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने स्पष्ट किया कि रविवार शाम तक मार्ग को हर हाल में सुचारु बनाया जाए ताकि मेले की तैयारियों एवं आवश्यक संसाधनों की आवाजाही निर्बाध हो सके।

जिला कलक्टर ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अगले दो दिनों तक गणेश यात्रा स्थगित रखें। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 9530314000, 07462-220602, 07462-220201 पर संपर्क किया जा सकता है।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरि सिंह मीणा को गौमुखी पर क्षतिग्रस्त मार्ग की तत्काल मरम्मत कर रविवार शाम तक मार्ग सुचारु करने के निर्देश दिए। वहीं पीडब्ल्यूडी को जोगी महल मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों की शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही गणेश धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से रोक दिया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कुंडेरा थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर गणेश चौकी पर तैनात करने के निर्देश दिए।

# 8 माह से फरार कंगला गैंग के मोबाइल स्नेचर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने 8 माह से फरार कंगला गैंग के मोबाइल स्नेचर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल छीनकर ले जाने के वांछित आरोपी नरेंद्र उर्फ गोलू उर्फ रॉकी पुत्र राम कुंवार मीणा निवासी ठीकरिया मीणान, थाना कोटखावदा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी आठ माह से फरार था। उन्होंने बताया कि गैंग के नवल किशोर मीणा निवासी बाढ़ मुरलीपुरा थाना कोटखावदा जिला जयपुर को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि निवाई की कीर कालोनी निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र रामकृष्ण शर्मा ने दिसंबर 2024 में मोबाइल छीन कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया था।

# कृषि मण्डी व्यापार आज से पुनः शुरू

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी निवाई में व्यापार मंडल के तत्वावधन में मंडी व्यापार सोमवार से पुन- शुरू होगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा व प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के प्रदेश आह्वान पर यूजर टेक्स के विरोध में 22 से 24 अगस्त तक कृषि उपज मंडी में व्यापार बंद था। उन्होंने बताया कि राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के प्रदेश आह्वान पर सोमवार से पुनः मंडी में व्यापार शुरू होगा।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता आगामी आदेशों तक स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जिला तीरंदाजी एसोसियेशन के तत्वावधान में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला जूनियर एवं सब जूनियर तीरंदाजी एथलेटिक्स प्रतियोगिता भारी बारिश के कारण स्थगित कर दी गई है। जिला तीरंदाजी संघ आयोजन सचिव संजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त को होना प्रस्तावित था। लेकिन क्षेत्र में जारी भारी बारिश के कारण यह प्रतियोगिता आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के संबंध में जारी दिशा निर्देश पूर्व के अनुसार यथावत रहेंगे। विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर में मनाया नंदोत्सव,सजाई श्री कृष्ण राधा की सजीव झांकी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** श्री विश्वकर्मा मन्दिर तेलियान तालाब के समीप रविवार को महिला मण्डल की तरफ से नंदोत्सव मनाया गया।भगवान श्री कृष्ण तथा राधा की शिव झांकी सजाई गई साथ ही महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण तथा श्री विश्वकर्मा सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति दी। महिला मंडल की जिलाध्यक्ष ज्योति जांगिड़ ने बताया कि महिला मण्डल द्वारा श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में नन्दोत्सव का रविवार को आयोजन किया गया। जिस दौरान मंदिर की सजावट की गई साथ ही बच्चो ने राधा कृष्ण बन करके डांडिया एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया।जिसमें जिनमे विंशी जांगिड़, उपाल्या, प्रिया, सावि, गुड्डन, अशी द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया ।महिलाओं ने भजन गाकर कान्हा का जन्मोत्सव मनाया साथ ही कीर्तन किया एवं ट्रोफी बिस्किट, खिलोनो द्वारा बधाईयां दी गई ।श्री विश्वकर्मी भगवान एवं कृष्ण जी की झांकी सजाई गई। नंदोत्सव में समाज की प्रेम देवी, मुन्नी देवी, पूजा, निर्मला, सीमा, सुगन विमला एवं अन्य महिलाए मौजूद थी।जिलाध्यक्ष ज्योति जांगिड़ ने बताया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज महिला मण्डल की तरफ से श्री विश्वकर्मा मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।



# सांसद हरिश मीणा ने वर्षा से हुई क्षति का कॉग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक - सवाई माधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीणा ने रविवार को रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष एवं टोंक कांग्रेस कमेटी जिला महासचिव, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के साथ टोंक शहर मे हुई मुसलाधार बारिश के बाद बिगड़े टोंक के हालातों का जायजा लिया। जिन्होंने इ समामले में जिला प्रशासन से बात करके नियमानुसार मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

संसद को धन्ना तलाई का निरीक्षण कराते हुए कांग्रेस के जिला महासचिव अकबर खॉन ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट द्वारा स्वीकृत नाले के निर्माण कार्य को शुरू कराया जाए ताकि बाढ के हालातें से निजात मिल सकें। सासंद मीणा ने साथ ही चतरा खटीक का नाला, मुहम्मद मिंया का पुल, काली पलटन सहित नालों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण से सिकुडते हुए नालों को भी देखा साथ ही सांसद हरिश मीणा एंव टोंक एसडीएम हुकमीचन्द रोहलानिया ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही नाले का कार्य शुरू कराया जाएगा जिससे मकानों में भर रहें गंदे पानी की समस्या से लोगों को जल्दी राहत मिल सकेगी। संसद के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा , संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया , सेवादल जिलाध्यक्ष खालिद, पार्षद फिरोज नागौरी, इम्तियाज ,आबिद मेव, युवा नेता एडवोकेट फिरोज खान, शाहरूक आदि मौजूद थे।



# आमजन को मिल रही है राहत, भोजन पैकेट वितरण के अतिरिक्त नगर परिषद ने शुरू की भोजनशाला



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय पर हुई अत्यधिक बारिश से प्रभावित आमजन को राहत पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं जिला कलक्टर काना राम निर्देशन में नगर परिषद युद्धस्तर पर राहत कार्य संचालित कर रही है। भोजन की बढ़ती मांग को देखते हुए नगर परिषद ने स्वयं के स्तर पर भोजनशाला प्रारंभ की है, जहाँ प्रभावित लोगों को बैठकर भोजन करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बारिश से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों मिर्जा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, कौली मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, खटीक मोहल्ला एवं अंसारी मोहल्ला आदि में प्रतिदिन सुबह एवं शाम श्री अन्नपूर्णा रसोई और भोजनशाला के माध्यम से लगभग दो-दो हजार भोजन पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए नगर परिषद द्वारा संचालित आश्रय स्थलों के साथ-साथ शहर के अम्बेडकर भवन में भी 24 घंटे ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह तत्काल नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07462-220515 पर संपर्क कर सूचना दे सकते हैं।

# बारिश जलभराव की निकासी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने लिया जायजा

## पीड़ितों से मिलकर समाधान के लिए प्रशासन को अवगत करवाया

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( निर्भय मीना )।** निवाई शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भ भारी बारिश से जलमगन हुई कालोनियो का रविवार को निवाई शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जलमगन कॉलोनीयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। कॉंग्रेस ब्लॉक, अध्यक्ष एडवोकेट शंकर लाल चौधरी एवं शहर अध्यक्ष एड. सतीशशर्मा के नेतृत्व में काली का बाग रोड, 80 फ़ीट , बापूनगर ,चौधरी कालोनी, शांतिनगर सहित पॉस कॉलोनियों में जल भराव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने लोगों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याए सुनी। जहां बारिश के पानी की निकासी नही होने, घटिया निर्माण सामग्री से बनी सड़को के क्षतिग्रस्त होने को लेकर दूरभाष पर ईओ नगर. पालिका मनोहर लाल चौधरी से बात की। जहां मुख्यालय पर नही मिलने से नाराज कांग्रेस कार्यकताओ ने उपखंड अधिकारी रामकरण बिजारणियां के आवास पर जाकर अपनी लोगो की समस्याओं से अवगत करवाया। एसडीएम बिजारणिया ने ध्यान पूर्वक लोगों की समस्याएं सूनकर ज्ञापन लिया ओर तुरन्त ईओ नगर पालिका को विभिन्न कॉलोनियों में भरे पानी की समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सीताराम कटारा, हंसराज गुर्जर, पार्षद विजय शर्मा, कमल पहाडी, पवन बोहरा, मुकेश बोहरा, निर्भय राम मीना, बाबूलाल कंवरिया, सत्यनारायण चौधरी, बाबूलाल सालोदिया, अजहर कुरेशी, नदीम, तनवीर कुरेशी, महेश नकवाल, सचिन बहड़, राजेश जोगला, मुकेश सैनी, डा. रामफूल गुर्जर, त्रिलोक त्रिवाडी, सलाम मोहम्मद सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका ने जो सड़के बनाई है, उनके साथ पानी निकासी के लिए नालिया नही बनाई। जिनसे लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार पूर्व विधायक कमल बैरवा के साथ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामराय मीणा, श्रीराम चौधरी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रामू माथुर ग्राम वनस्थली में अतिवृष्टि आपदा से पीड़ित क्षेत्र में पहुंचकर लोगों की हालत देखकर हम व्यथित हुए शीघ्र ही कलेक्टर एवं राज्य सरकार मिलकर समस्या से अवगत कराया जाएगा साथ ही मकान क्षतिग्रस्त एवं अन्य नुकसान हेतु सर्वे करा कर मुख्यमंत्री सहायता कोष आपदा राहत कोष तुरंत मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।



# कक्षा प्री प्राइमरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों का 3 दिन का अवकाश,

## विद्यालय के समस्त स्टाफ यथावत कार्य करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययन कक्षा प्री प्राइमरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों का 3 दिन का अवकाश घोषित किया है। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि जिले में भारी बरसात की संभावना को लेकर 25 से 27 अगस्त तक सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय के समस्त स्टाफ यथावत कार्य करेंगे।

# रक्तदान ही जीवनदान, इस महायज्ञ में आहुति देना सबसे बड़ा पुण्य का काम- बीके अपर्णा

## ब्रह्माकुमारीज के राजयोग भवन में विश्व बंधुत्व रक्तदान कार्यक्रम में 38 यूनिट रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में रविवार को विश्व बंधुत्व रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस पर भारत भर में हो रहे रक्तदान अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 38 यूनिट रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी रक्तवीरों ने न सिर्फरक्तदान दिया है बल्कि समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य किया है। रक्तदान ही दूसरों के लिए जीवनदान है और इस जीवनदान महायज्ञ में अपनी आहुति देकर सचमुच मानव कल्याण का कार्य किया है। कार्यक्रम में सआदत अस्पताल के डॉक्टर योगेश अग्रवाल ने संस्थान का धन्यवाद करते हुए संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सहराना की। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का चिकित्सा के क्षेत्र में यह अपूरणीय योगदान है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,दाता ही जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक रक्त की एकमात्र आपूर्ति प्रदान कर सकता हैं। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रमेश काला ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का शुद्ध पवित्र वातावरण हर किसी की मन की स्थिति को सकारात्मक बनाता है।

ऐसे माहौल में किया गया रक्तदान हर किसी के लिए अमृत का काम करेगा। ब्रह्माकुमारी ऋतु ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा पूरे भारत में तीन दिवसीय रक्तदान महा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत एक लाख यूनिट से अधिक रक्तदान किया जाएगा। उन्होंने दादी प्रकाशमणि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी ने विश्व के पांचो महाद्वीपों पर जाकर भारत के सनातन संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने हर मानव में विश्व बंधुत्व की भावना को जागृत किया था इसलिए उनकी स्मृति दिवस को संस्थान विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मना रही है।

कार्यक्रम में श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, किसान यूनियन के जिला महामंत्री हरिशंकर धाकड़, मां श्रीयादें जिला शिक्षा समिति टोंक के अध्यक्ष घासी लाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में श्री वीर तेजाजी जाट छात्रावास के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को स्वागत पट्टिका व सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया साथ ही 63 बार रक्तदान करने वाले भवानी शंकर प्रजापत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



## कठूमर के चार गांवों में गायत्री परिवार के यज्ञ दीप यज्ञ के कार्यक्रम संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** माता भगवती देवी जन्म शताब्दी समारोह के ग्रामे ग्रामे यज्ञ अभियान के अंतर्गत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कठूमर तहसील के चार गांव,हनीपुर रेटा, दुधेरी और मसारी में 23 अगस्त शाम को 7:30 बजे दीप यज्ञ का आयोजन हुआ तथा दी 24 अगस्त को प्रात:9:30 बजे एक कुण्डी गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। चारो गांवों के कार्यक्रम चार टोलियों द्वारा एक ही साथ कराए गए। इसके लिए चारों टोलियों का निर्धारण पूर्व में ही कर दिया था। जिसमें दो टोली गायत्री शक्ति पीठ अलवर से तथा दो टोली कठूमर तहसील के क्रियाशील, कर्मठ कार्यकर्ताओं की बनाई गई। अलवर की टोली न0 1 ने ग्राम हनीपुर में कार्यक्रम करवायाए जिसमें सर्वश्री मुरारी लाल शर्मा,ज्ञानेंद्र शर्मा, श्यामलाल साहू और गिरीस सेठी शामिल रहे तथा दूसरी टोली के एडवोकेट दौलत राम शर्मा, राधारमण विजय,नवलसिंह चौहान और महेंद्रसिंह नरूका ने ग्राम रेटा में कार्यक्रम करवाए। टोली न03 के सदस्य सर्व श्री शेरसिंह गुर्जरए भगवान सिंह डागर तथा नवलसिंह चौहान;अलवरद्ध की ड्यूटी दुधेरी गांव में लगी । चौथी टोली जिसमें श्याम सुंदर शर्मा, कुम्हेरनरेश बीजला, राकेश तिवाड़ी अलवर तथा परिब्राजक अलवर शामिल रहे । इन्होंने मसारी गांव में यज्ञ ए दीपयज्ञ के कार्यक्रम संपन्न करवाए। चारों गांवों के लिए कठूमर तहसील के परिजनों की व्यवस्था टोली गठित की गई, जिसमे अनिल खंडेलवाल, रामोतार शर्मा, समुंद्र सिंह, महाराजसिंह, मेवाराम, उदयराम, पुरुषोत्तम,रमेश चौधरी,नाहर सिंह, प्रह्लाद भगत शेखपुरा वालों ने कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था संभाली। ज्ञातव्य है कि इसी प्रकार ग्रामे ग्रामे यज्ञ अभियान के अंतर्गत ये कार्यक्रम अलवर जिले की सभी तहसीलों में आयोजित कराए जाएंगे।

## राजस्थान शिक्षक संघ(राष्ट्रीय) उपशाखा लक्ष्मणगढ़ के हेमेंद्र सिंह बने सभाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा लक्ष्मणगढ़ के चुनाव रविवार को स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान लक्ष्मणगढ़ में निर्वाचन अधिकारी गिर्राज सिंह एवं पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार मीणा एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवाड़ी, कैलाश चंद कूलवाल, नारायण सिंह मीना की देखरेख में निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। नवगठित कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, उप सभाध्यक्ष अजीत जाट एवं भरत लाल मीणा, कार्यकारिणी अध्यक्ष लखन यादव, उपाध्यक्ष रामचरण मीणा, उपाध्यक्ष महिला निशा दीक्षित, मंत्री वीरेंद्र सिंह जाट, महिला मंत्री धौड़ी कुमारी बैरवा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा एवं जिला महासमिति सदस्य के रूप में बाबूलाल वर्मा, मुरारी लाल, हरिकिशन मीना, अजीत सिंह जाट, राहुल कुमार प्रजापत, रोहित डागुर, हरिराम मीणा, कमलेश, करतार , महेश चंद सैनी तथा प्रदेश महासमिति सदस्य के रूप में गिर्राज सिंह सेवानिवृत्ति व्याख्याता चुने गये।

## कलशयात्रा के साथ तीन दिवसीय मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर रविवार को तीन दिवसीय मेला महोत्सव की शुरुआत हुई। कस्बे के बड़ा गणपति मंदिर से पूजा अर्चना और ध्वज पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व छाहरिन धाम मंदिर के महंत राम अवतार शर्मा ने विधि-विधान से पूजा कर यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा चौपड़ बाजार, गोल मार्केट, माचाड़ी चौक, गणेशपोल और देवी जी मंदिर से होते हुए छाहरिन धाम हनुमान मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं ने भजनों पर नाचते गाते चल रही थी। मंदिर के महंत पंडित राम अवतार शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे रामायण पाठ शुरू हुआ। रात 8 बजे सुंदरकांड का आयोजन होगा। 25 अगस्त को सुबह 10 बजे हवन होगा और दोपहर में प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 26 अगस्त को शाम 4 बजे सैनी धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए माचाड़ी मार्ग स्थित छाहरिन धाम हनुमान मंदिर पहुंचेगी। मंदिर पर देर रात तक मेला चलेगा। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टपूकड़ा पुलिस ने सोनू हत्याकांड का किया राजफाश, थानाधिकारी राजीव शर्मा की सराहना

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** भिवाड़ी जिले के टपूकड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दांगनहेड़ी में 21 अगस्त की रात हुए सोनू शर्मा हत्याकांड का खुलासा टपूकड़ा पुलिस ने कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस पूरे मामले में थानाधिकारी राजीव शर्मा की नेतृत्व क्षमता और पुलिस टीम की सतर्कता की ग्रामीणों ने खुलकर प्रशंसा की। घटना की जानकारी मृतक के भाई महेंद्र ने दी थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और एमओबी टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। थानाधिकारी राजीव शर्मा ने सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। इसी दौरान मृतक के भाई को सूचना देने वाले राजवीर उर्फ जैला पर शक गहराया। गहन पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि शराब के नशे में विवाद के दौरान उसने सोनू शर्मा को पत्थर व मारपीट से गंभीर चोटें पहुंचाई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में शक से बचने के लिए वही खुद मृतक के भाई को सूचना देने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी राजवीर उर्फ जैला पुत्र रामफल गुर्जर, निवासी चौलाई की ढाणी, ग्राम बुरहेड़ा थाना खुशखेडा को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजीव शर्मा के साथ हैडकांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, कांस्टेबल हुकम सिंह, मनोज, अंकुर व प्रदीप की भूमिका भी सराहनीय रही। थानाधिकारी राजीव शर्मा की सतर्कता और तेज कार्रवाई से मात्र कुछ ही दिनों में हत्या का राजफाश हो सका। क्षेत्रवासियों ने टपूकड़ा पुलिस की तत्परता और निष्ठा की जमकर सराहना की।

## संडे ऑन साईकिलिंग अभियान का किया सफल आयोजन

# पुलिस और आमजन ने मिलकर दिया फिटनेस का संदेश योगा व साईकिलिंग रैली का हुआ शानदार आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सचिव युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय खेल विभाग भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार उपमहानिरीक्षक पुलिस आर्म्स बटालियन प्रथम राजस्थान जयपुर एवं नोडल अधिकारी द्वारा रविवार को फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत पुलिस लाइन बटालियन में मुख्यालय प्रशिक्षण संस्थान व अन्य पुलिस इकाइयों में स्वस्थ जीवन शैली और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए संडे ऑन साइकिल अभियान का विशेष संस्करण आयोजित किया गया। इसके तहत साइकिलिंग के साथ-साथ योगा जुंबा,टॉप स्किपिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से कैंपेन चलकर बैनर छाप कर सीएलजी सदस्यों,ग्राम रक्षक,पुलिस मित्र, सुरक्षा सखियां व अन्य लोगों को अभियान से जोड़कर अधिक से अधिक जोड़ने के लिए प्रेरित किया और संडे ऑन साइकिल अभियान को सफल बनाया। जिला स्तर पर डॉक्टर तेजपाल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को सहायक मॉडल अधिकारी नियुक्ति किया तथा जिले में अधीक्षक गण वृत अधिकारी गण थाना अधिकारी गण,संचित निरीक्षक



पुलिस लाइन एवं प्रभारी यातायात शाखा को अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया । इसी कड़ी में कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले पुलिस लाइन अलवर से हुई जहां सुबह 6 से 7 बजे सामूहिक योगा में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी सीएलजी सदस्यों योग विशेषज्ञ ने भाग लिया। सभी प्रतियोगियों को योगा करवा कर फिटनेस और व्यायाम के प्रति जागरूक किया, इसके बाद 7 बजे साइकलिंग रैली का आयोजन किया,जहां सुधीर चौधरी जिला पुलिस अधीक्षक अलवर द्वारा हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। साइकिल ने रैली में पुलिस परिवार के सदस्य व अन्य जनों ने साइकिल रेली में भाग लिया। साइकिल रैली पुलिस लाइंन अलवर से रवाना होकर एसएमडी सर्किल,नंगली सर्कल,भगत सिंह सर्किल, काशीराम सर्किल, होप सर्कस,पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंची। इस रैली से फिटनेस की डोज आधा घंटे रोज का नारा सार्थक होता दिखाई दिया। फिटनेस ट्रैफिक अनुशासन सुरक्षित साइकिलिंग के संदर्भ में मार्गदर्शन किया गया। सर्किल स्तर पर किए गए कार्यक्रमों में संडे ऑन साइकिल अभियान को सफल बनाने के लिए सर्किल उत्तर शहर, ग्रामीण, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, कठूमर, थानागाजी व रामगढ़ पर सर्किल के सभी वृत अधिकारी के सुपरविजन में तथा थाना अधिकारियों के नेतृत्व में योग और साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि ये एक अच्छा कैंपेन है, पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहें और एक संदेश देने के साथ कि स्वस्थ पुलिस एक बेहतरीन समाज के संरक्षण कर सकती है। आज उल्लास और ऊर्जा भरे इस कार्यक्रम में सभी ने पूरी ऊर्जा के साथ भाग लिया है। अलवर जिला पुलिस अधीक्षक होने के नाते में अपनी पूरी टीम को जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाया और जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया सबका आभार प्रकट करता हूं।



## रोटरी क्लब ऑफ अलवर शालीमार के क्लब सदस्यो के साथ किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर शालीमार के क्लब सदस्यों एवं अपनाघर शालीमार के निवासियों द्वारा मिलकर वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष रोटे. पंकज तनेजा ने बताया कि 21 फल, फूल, छायादार एवं बील के पेड़, ट्री गार्ड के साथ, राम मंदिर 30 बीघा क्षेत्र में लगाए गए। सचिव रोटे.कपिल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक प्रांतपाल रोटेरियन राजेश सिंघल थे। जिन्होंने क्लब के प्रयास को सराहा। कोषाध्यक्ष रोटे. अजय शर्मा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर रोटे. गजेंद्र सैनी ने बताया कि वर्षाकाल में और भी वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में रोटे. राजेश नकडा, रोटे.सुमित कालरा, रोटे.विनोद शर्मा, तोशीन राणा, बलविंदर सिंह एवं अन्य निवासी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में कपड़े वितरित ,मरीज और परिजनों के लिए खिचड़ी बांटी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के संयुकत तत्वावधान में रविवार को सुबह राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में मरीजों व उनके परिजनों को खिचड़ी वितरित की गई तथा कपड़े भी बांटे गए। नेक कमाई के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती के नेतृत्व में एडवोकेट पंकज मल्होत्रा और एजयुकेशन काउंसलर रेखा महलावत ने यहां पहले कपड़े वितरित की गई जिसके बाद खिचड़ी बांटी। इनसे 556 मरीज तथा उनके परिजन लाभांवित हुए। पंकज मल्होत्रा ने बताया कि मरीजों को पौष्टिक खिचड़ी मिलने से उनको यहां भोजन की समस्या से नहीं जुझना होगा। बहुत से मरीजों का घर दूर होने के कारण उनकी परेशानी अधिक होती है। इसमें डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की टीम ने भी सहयोग किया। अस्पताल में वितरित होगी खिचड़ी:-सामान्य चिकित्सालय सहित महिला चिकित्सालय में शीघ्र ही नियमित रूप से खिचड़ी का वितरण होगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन से अनुमति लेकर यहां एक समय खिचड़ी वितरित होगी। खिचड़ी वितरण में सहयोग देने के लिए बहुत से लोग आगे आ रहे हैं जिनमें झांवरमल यादव भवन निर्माता, सुशील जैन प्रोपर्टी कारोबारी, कमल झिरीवाल, धीरज पोपली, अनुपम चौधरी अग्रवाल, संरक्षक मीना तनेजा सहित बहुत से दानदाता है। आगामी दिनों में प्रतिदिन खिचड़ी वितरण की योजना बनाई जाएगी जिसमें मरीजों को लाभ मिल सके। मरीजों को खिचड़ी वितरण में सहयोग और सेवा करने वाले नेक कमाई में संपर्क कर सकते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर की अरावली पर्वतमाला की तलहटी में स्थित खेड़ापति बाबा पीर संज्यानाथजी महाराज की तपोस्थली धामेड़ा धाम में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत विभाग अलवर जिला युवा अधिकारी पंकज यादव के नेतृत्व में श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा छायादार एवं फलदार 31 पौधे ट्री गार्ड लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पंकज यादव का संस्था द्वारा दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी ने संस्था के द्वारा लगाए गए लगभग 3हजार पौधों का अवलोकन कर पौधरोपण कार्य की प्रशंसा की गई। पंकज यादव ने कहा कि अरावली पर्वतमाला की वीरान विलायती कीकरो से आच्छादित तलहटी भूमि में पौधे लगाकर हरा भरा करने का जो कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। यह अत्यधिक सराहनीय एवं प्रशंसनीय है! प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेकर इस प्रकार के कार्य में अधिक से अधिक भागीदारी निभानी चाहिए और आगे इस और कदम बढ़ाना चाहिए! पौधारोपण के उपरांत धामेंडा धाम कार्यालय में साधारण बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें वृक्षमित्र बनाने एवं पौधे लगाने के लिए नए सदस्य जोड़ने पर विचार विमर्श हुआ एवं अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन भी किया गया। इस अवसर पर निदेशक मोनू शर्मा, सचिव सुनील कुमार शर्मा, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, महिला मंडल प्रभारी पिंकी मीणा, अध्यापक मेघराज सैनी, समाजसेवी हीरालाल सैनी, कृपा देवी, मुरारी लाल मीणा, बिंटू कुमार, बनवारी लाल सैनी, सरिता, अंकिता, नेहा, मुस्कान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## गोपीनाथ मंदिर से डूंगरी वाले हनुमानजी महाराज की निकली ध्वजा यात्रा, मंगलवार को लगेगा मेला

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति क्षेत्र के गांव नीमला में आयोजित होने वाले डूंगरी वाले हनुमानजी महाराज के मेले का शुभारंभ रविवार को ध्वजा यात्रा के साथ हुआ। रविवार को गोपीनाथ महाराज के मंदिर से ध्वजा यात्रा का विधी विधान से पूजा अर्चना कर रवाना हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे। ध्वजा यात्रा बैंड बाजा के साथ निकली, महिलाएं भजनों पर जमकर नाचते झुमते हुए चल रही थी। इस दौरान गोपीनाथ महाराज मंदिर में ललित शर्मा, गजानंद जोशी ने पूजन कराकर रवाना की। ध्वजा यात्रा को समाजसेवी राजेश जोशी ने रवाना किया। समाजसेवी नेमी नीमला ने बताया कि हनुमान जी महाराज का वार्षिक मेला 26 अगस्त को भरेगा। उन्होंने बताया कि मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु में दर्शन के लिए आते हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या तथा भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा होंगे वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा, प्रधान भौंरी देवी राठौड़, बसवा प्रधान सीताराम मीना रहेगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमला सरपंच पिंकी देवी मीना करेंगी। मेले में नीमला, रतनपुरा, सुरेर, मोतीवाड़ा, सकट, राजपुर सहित बाहर से श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के दर्शन करने मेले में आते हैं। ध्वजा यात्रा कार्यक्रम में नत्थू राम भारती, सीताराम, गोविन्द, गोपाल मिश्रा, हरिओम मीना, हजारीलाल मीना, धर्मसिंह गुर्जर, कान्हा शर्मा, रामचंद्र ओजट, कमलेश पुजारी, नेमी नीमला आदि उपस्थित रहे।



## नेक कमाई टीम की ओर से पूर्व सभापति अजय अग्रवाल का किया गया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई समूह की ओर से रविवार को नेक कमाई संस्था के प्रमुख संस्थापक दौलत राम हजरती, धर्मेंद्र अद्दलखा ने अलवर के प्रमुख गौसेवक ओर पूर्व सभापति अजय अग्रवाल को गौ सेवा के लिए समर्पित काम के लिए रविवार को स्टेशन रोड स्थित गौशाला में पहुंच कर सम्मानित किया, उन्हें फाउंडेशन की ओर से सम्मान पत्र ओर एक शील्ड देकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में अजय आनंद गोयल, शरद जी मोदी,चैन सिंहजी राजपूत,वेदपालजी मौजूद रहे। अजय अग्रवाल ने नेक कमाई फाउंडेशन के उज्ज्वल भविष्य की कमाना की ओर सबका आभार जताया ।

## गोवर्धन जाने वाले पदयात्रियों के लिए शिविर का शुभारंभ 27 से

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** श्री गिर्राज सेवा समिति की ओर से कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थल झरना धाम पर गोवर्धन महाराज के जाने वाले पदयात्रियों के लिए 6 दिवसीय शिविर का शुभारंभ 27 अगस्त से होगा। श्री गिर्राज सेवा समिति राजगढ़ के सहसंयोजक गिर्राज रावत ने बताया कि शिविर में पदयात्रियों को नि: शुल्क भोजन, नाश्ता, चिकित्सा एवं आराम करने की व्यवस्था रहेगी।

## समाज के लिए कुछ करो यदि नहीं किया तो प्रयास करो:मिश्रा

### ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान प्रतिभाओं के सम्मान समारोह में अध्यक्ष और भाजपा प्रभारी का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र में ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।जिसमें राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा, सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल ने शिरकत की। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ने कहा कि समाज के लिए कुछ करो यदि नहीं किया तो प्रयास करो उन्होंने कहा कि ज़ब समाज में प्रतिभाएँ होंगी तभी तो हम सबको ऐसे अवसरों पर आने का मौका मिलेगा!यदि प्रतिभा ही नहीं रहेंगी तो आपको या हमको कौन पूछेगा कौन सम्मान करेगा। आपमें से जिन्होंने समाज हित में सहयोग देने का प्रयास किया है तो आप जरूर सफल होंगे। क्योंकि चींटी जब दाना लेकर चलती है तो सौ बार फिसलती है पर उसकी मेहनत कभी बेकार नहीं जाती!कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ऐसा कवियों की कविताओं में मैंने पढ़ा है। इस मौके पर बानसूर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा और भाजपा नेता सज्जन मिश्रा का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।



## कोटा में चार दिवसीय शिल्प एवं व्यापार उत्सव का भव्य आयोजन जारी

### कोटा डोरिया, जोधपुरी जूतियां और ऑर्गेनिक मसाले की स्टॉल बढ़ा रही है उत्सव की शोभा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा जिला प्रशासन कोटा के तत्वावधान में ग्रामीण हाट परिसर, किशोर सागर तालाब के पास नयापुरा कोटा में चार दिवसीय शिल्प एवं व्यापार उत्सव का आयोजन 22 अगस्त से 25 अगस्त तक किया जा रहा है, जिसमें जिले एवं जिले से बाहर के हस्तशिल्पी एवं दस्तकार भाग ले रहे हैं। मेले के प्रति कोटावासियों में जबरदस्त उत्साह है और हजारों की तादाद में लोग मेले का आनंद ले रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्प, 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत पहचाने गए उत्पादों एवं स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना तथा उनके शिल्प और उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में विशेष रूप से जोधपुरी जूतियां, कोटा डोरिया, ऑर्गेनिक मसाले, हैंडीक्राफ्ट, जयपुरी कुर्ती एवं ज्वेलरी जैसे उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सांस्कृतिक आयोजनों की कड़ी में मेले में रविवार को मेहंदी प्रतियोगिता, नृत्य ,कविता पाठ अर्जुन कृष्ण संवाद का आयोजन किया गया । मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया और बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक सांस्कृतिक नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र कोटा के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि यह मेला 25 अगस्त को प्रात: 11.00 से रात के 10.00 बजे तक जारी रहेगा।

# महिलाओं को सामाजिक सरोकार के कार्य में आगे आने की आवश्यकताः ऊर्जा मंत्री

### योग्य महिलाओं के लिए राजनीति का प्रशिक्षण केन्द्र हो सकते हैं सामाजिक मंच :हीरालाल नागर

### श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई की राष्ट्रस्तरीय प्रथम बैठक एवं शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई की राष्ट्र स्तरीय प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह रविवार को धरणीधर गार्डन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक गुंजन नागर तथा ममता नागर बामला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री तथा धरणीधर जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष हीरालाल नागर व महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर थे। अध्यक्षता महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका अरूणा नागर, राजश्री नागर, अटरू प्रधान वंदना नागर, उपप्रधान मांगरोल सीमा नागर थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक सरोकार के कार्य में आगे आने की आवश्यकता है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। चाहे व्यापार हो, डिफेंस हो, सरकारी सेवा हर क्षेत्र में महिलाओं ने लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि आगे पंचातीराज और नगर निकाय के चुनाव हैं, जिनमें भी महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिला है। पीएम मोदी ने भी विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सभी योग्य महिलाओं के लिए राजनीति के दरवाजे भी खुले हुए हैं। इसके लिए सामाजिक मंच प्रशिक्षण केंद्र साबित हो सकते हैं। महिलाएं चाहे सामाजिक, राजनीतिक या सर्विस सेक्टर में हों, किसी भी क्षेत्र में काम करें, पूर्ण संकल्पित मन से जुटें और राष्ट्र की उन्नति में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अध्यक्ष राजश्री नागर ने अब तक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अपने कार्यकाल में भविष्य की कार्य योजना का विज़न डॉक्यूमेंट भी रखा। उन्होंने महासभा एवं समाज में महिलाओं की सहभागिता पर भी अपना पक्ष रखा। ममता बामला ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन नूपुर मालव एवं चंचल नागर ने किया। इस दौरान कोटा शहर अध्यक्ष तृप्ति नागर देहात अध्यक्ष विष्णु नागर तथा बारां जिला अध्यक्ष उमा नागर की जिला कार्यकारिणियों ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़, मध्यप्रदेश की अध्यक्ष पवित्रा नागर, प्रियंका नागर, द्वारिका नागर, वंदना नागर, स्नेहलता मालव, सुमन नागर, आरती नागर, कविता नागर, सुप्रिया मंडलोई, भारती नागर, सीमा बड़ोद, डॉ. श्वेता नागर, माधुरी नागर, उमा बडेलिया, मंजू नागर, रीना नागर समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## निरंकारी मिशन सेवादारों ने ब्रह्माकुमारी ब्लड डोनेशन कैंप में किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** संत निरंकारी मिशन शाखा रावतभाटा के सेवादार महात्माओं ने 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में भाग लेकर रक्तदान किया। इस अवसर पर पांच महात्माओं—सूरज प्रकाश, नितिन, हिमांशु, नरेंद्र और रणजीत—ने रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कैंप में मौजूद लोगों ने जब जाना कि वे निरंकारी मिशन से जुड़े हैं तो प्रसन्नता व्यक्त की और मिशन की सराहना की। निरंकारी सेवादारों ने बताया कि 17 अगस्त को लगाए गए पौधों की देखरेख भी निरंतर की जा रही है।

सेवादारों ने सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश भी साझा किया और कहा कि उनकी कृपा से ही सेवा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## नेत्रदान संकल्प व जागरूकता पोस्टर विमोचन के साथ 40वें नेत्रदान पखवाड़े का आगाज़

### पुलिस अधीक्षक कोटा शहर ने भरा संकल्प पत्र



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे भारतवर्ष में 40 वाँ नेत्रदान जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है । इसी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्रदानी नगरी कोटा में नेत्रदान-अंगदान और देहदान की जागरूकता के लिए कार्य कर रही संस्था,शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने अपना नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा और जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया । तेजस्विनी गौतम ने शहर वासियों को नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा कि, कॉर्निया कि अंधता को, नेत्रदान के माध्यम से मिलने वाले कॉर्निया प्रत्यारोपण से ही दूर किया जा सकता है, मृत्यु के बाद होने वाला यह पुण्य कार्य न सिर्फ पुण्य-आत्मा को मोक्ष दिलाने में सहायक होता है,बल्कि यह परिवार के शोक को भी कम करता है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा (महिला अपराध प्रकोष्ठ) ने भी अपना नेत्रदान संकल्प पत्र भरते हुए कहा कि, नेत्रदान अंगदान आज के वर्तमान समय की आवश्यकता है । अधिक से अधिक जागरूकता अभियान करने से ही ऐसे अभियानों की सार्थकता संभव है । शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ ने बताया कि, नेत्रदान जागरुकता पखवाड़ा,कार्यक्रम में इस बार अधिकतर कार्यशालाओं का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जायेगा,जिसके अंतर्गत रात्रि चौपाल कार्यक्रम, जागरूकता रैली और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में नेत्रदान जागरुकता कार्यशालाओं को आयोजित किया जाएगा।

## लायंस क्लब कोटा व सिंधु हॉस्पिटल की पहल

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 450 लोगों ने लिया लाभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** स्वस्थ समाज, खुशहाल समाज के संकल्प के साथ लायंस क्लब कोटा और सिंधु हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रात: 9.30 बजे से 11.30 बजे तक नि:शुल्क मल्टीपल हेल्थ चेकअप शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 450 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श और जांच का लाभ उठाया। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि शिविर में अस्थि परीक्षण, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, न्यूरोपैथी, नसों की जांच की गई। क्लब से राममदनानी,



अशोक नुवाल, सुधाकर बहेडिया सहित कई लोगे उपस्थित रहे ओर शिविर मे अपनी सेवाए दी। अशोक नुवाल ने बातया कि इस शिविर मे लगभग ग 450 लोगों की जांच व परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। राममदनानी ने बताया कि शिविर में डॉ. विनय ग्वालानी (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ), डॉ. अब्दुल रब (जनरल सर्जन), डॉ. मुस्तफा बोहरा (जनरल फिजिशियन) ने अपनी सेवाएं दी।

## भारतीय साहित्य परिषद कोटा इकाई का वन विहार, पुस्तक विमोचन एवं शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद कोटा इकाई का वन विहार एवं शपथ ग्रहण समारोह अन्ता के पास स्थित नागदा महादेव मन्दिर प्रांगण में आज रविवार को सम्पन्न हुआ।

वरिष्ठ सहित्यकार राममोहन कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ विष्णु शर्मा हरिहर अध्यक्ष चित्तौड़ प्रान्त व राजेन्द्र गौड़ उपाध्यक्ष ने सरस्वती वंदना से किया। इसके पश्चात सभी वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपना काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्य व मुर्धन्य साहित्यकार राधेश्याम की पुस्तक बिखरे मोती का विमोचन 45 से अधिक साहित्यकार व उनके परिजनो की



उपस्थिति मे किया गया। श्रीयोगी राज योगी चित्तौड़ प्रान्त के संयोजक ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमे महेश विजय अध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा उपाध्यक्ष, राम मोहन कौशिक महामंत्री, कालीचरण राजपूत साहित्य मंत्री, राम गोपाल गोतम उपाध्यक्ष, जी पी खण्डेलवाल कोषाध्यक्ष एवं राजेन्द्र मोरपा संगठन मंत्री चुना गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी व सदस्यो ने शपथ भी ग्रहण की। इस अवसर पर राजस्थान प्रान्त के साहित्यकार के बी भारती विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णू शर्मा हरीहर ने तथा संचालन कवि राजेन्द्र शर्मा मोरपा ने किया।

## कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों का 25 अगस्त का अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** बूंदी जिले में भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सोमवार 25 अगस्त का अवकाश घोषित किया गया हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन-?वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि यह अवकाश केवल कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। विद्यालयों के सभी कार्मिक अपने निर्धारित समय पर यथावत विद्यालयों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल उनके क्षेत्राधिकार के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों को इस बारे में सूचित करने और आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

## पर्युषण महापर्व के पांचवे दिन कल्पसूत्र वाचन व भगवान महावीर जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया

### भगवान का जन्मोत्सव व 14 स्वपनो की बोलिया लगायी गयी

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** जैन श्वेतांबर श्री सुविधिनाथ मंदिर में चल रहे प्रवधिराज पर्युषण महापर्व के पांचवे दिन कल्पसूत्र वाचन, भगवान महावीर जन्मोत्सव एवं 14 स्वप्नों की बोलियां धूमधाम से हुईं। अखिल भारतीय युवा परिषद, इंदौर से पधारी चित्रा सकलेचा व प्रेमलता लालन ने धर्म आराधना कर स्नात्र पूजन कराया। समाज के सचिव जितेंद्र गोठी व कोषाध्यक्ष राकेश हिंगड़ ने बताया कि स्नात्र पूजन का लाभ मितेश मेहता, टी.आर. पोसवालिया, महावीर सिंघवी, निशांत बोहरा व योगेश जैन परिवार ने लिया। महावीर भवन में स्वाध्याय बहनों ने सुबह 9.30 से 11 बजे तक कल्पसूत्र वाचन कर माता त्रिशला द्वारा देखे गए



14 स्वप्नों का वर्णन व भगवान महावीर का जन्मवाचन किया। जन्मोत्सव अवसर पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें चंदनवाला, साध्वी माताजी, श्रावक-श्राविका व त्रिशला माता के रूप में बच्चों ने प्रस्तुति दी। जन्म वाचन के बाद पालना-जी व 14 स्वप्नों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसका समापन महावीर भवन पर हुआ। तत्पश्चात स्वामी वात्सल्य हुआ। जन्मवाचन की प्रभावना स्व. उमराव सिंह मोहन सिंह तिल्लानी परिवार ने ली। श्रीसुविधिनाथ भगवान सहित अन्य तीर्थंकरों की आंगी रचना प्रतिभा गोठी, प्रेरणा जैन, हिमानी गोठी व तीर्थ जैन द्वारा की गई, वहीं रंगोली निर्माण तनिष्का गोठी, सिद्धिका तिल्लानी, मानसी हिंगड़, ईशा बारडिया व नव्या जैन ने किया। आंगी का लाभ मितेश मेहता परिवार ने लिया।

शाम को आरती व प्रभुभक्ति का आयोजन हुआ, जिसका लाभ तिल्लानी परिवार ने प्राप्त किया।

## अतिवृष्टि से गिरे कच्चे मकानों का निर्माण पीएम आवास योजना मे हो - मनोज दुबे

### बाढ़ से हुए नुकसान का पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दे सरकार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने हाड़ोती संभाग मे अतिवृष्टि से गिरे कच्चे मकानों का निर्माण पीएम आवास योजना मे कराए जाने की मांग करते हुए बाढ़ से हुए नुकसान का पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।मनोज दुबे ने बाढ़ से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से अविलम्ब उचित मुआवजा देने एवं जलभराव से हुए नुकसान से पीड़ित परिवारों को उचित सहायता राशि दिए जाने की मांग की है। मनोज दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना की सार्थकता तभी है, जब इस योजना का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुंचे। मनोज दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए जो राशि मिलती है, वह बहुत मामूली है। इतने कम राशि में घर बनाना बहुत मुश्किल है। सरकार आपदा में प्रभावित घरों को फिर से बसाने के लिए सहायता राशि को बढ़ाकर कम से कम 10 लाख रुपये कर पीड़ित परिवारों को राहत दे।क्योंकि पीड़ित परिवारों के कच्चे घर गिरने के साथ ही उनकी गृहस्थी भी मलबे में दब कर ख़राब हो गई है। गृहस्थी का पूरा सामान मलबे में दबने से नष्ट हो गया है। ऐसे मे पीड़ित परिवारों को अविलम्ब सरकारी सहायता की आवश्यकता है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न 150 यूनिट रक्त संग्रह



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा मै रक्तदान शिविर का हुआ समापन। आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा मै विश्व बंधुत्व दिवस ओर ब्रह्मकुमारीज की पूर्व मुख्य एडमिनिस्ट्रेटिव दादी प्रकाशमणि के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।मेडिकल कॉलेज ओर कृष्णा ब्लड बैंक के सदस्यों ने शिविर मै सभी रक्त दाताओं का रक्त लिया और 150 से अधिक रक्तदान हुआ । कार्यक्रम के शुभारंभ मै केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने आए हुए सभी भाई बहनों को ईश्वरीय मुरली सुनाई और मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉक्टर संगीता सक्सेना ओर डॉक्टर वेदप्रकाश शर्मा का शॉल ओढाकर ओर मोमेंटो देकर सम्मान ओर स्वागत किया ।डॉक्टर संगीता सक्सेना ने कहा कि रक्त देकर हम पुण्य तो कमाते ही है लेकिन आज शिव बाबा के घर मै हुए इस रक्तदान शिविर का पुण्य ओर अधिक बढ़ जाता है क्यों कि आज यहां पर पवित्र देवी बहनों के सानिध्य ओर परमात्मा शिव की उपस्थिति मै आत्मा की शक्ति और बढ़ जाती है। दीदी जी ने आए हुए सभी रक्तदाताओं का भी पट्टा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया ।

## खैराबाद उपप्रधान उपचुनाव में भाजपा का परचम

### स्वाति मीणा ने कांग्रेस के नईमुद्दीन को 8 वोटों से दी मात।



बढ़ता राजस्थान

**खैराबाद ( प्रमोद राठौर )।** पंचायत समिति उपप्रधान पद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की स्वाति मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी नईमुद्दीन कुरैशी को कड़े मुकाबले में 8 मतों के अंतर से शिकस्त देकर बाज़ी अपने नाम कर ली। रविवार को हुए मतदान में कुल 22 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें स्वाति मीणा को 15 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को केवल 7 वोट पर संतोष करना पड़ा। दोपहर 3 बजे मतदान प्रारंभ हुआ और शाम 5 बजे मतगणना पूरी होने के साथ ही नतीजे घोषित कर दिए गए। चुनाव के दौरान निष्कासित सदस्य नयन अखंड द्वारा मतदान करने पर भाजपा ने जोरदार आपत्ति भी जताई, जिस पर रिटर्निंग अधिकारी नेहा वर्मा ने साफ कहा कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से पूरी कर परिणाम घोषित किया गया है। जैसे ही भाजपा की जीत का ऐलान हुआ, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। स्वाति मीणा को फूलमालाओं से कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विजय के बाद स्वाति मीणा ने कहा यह जनता का विश्वास और संगठन की मेहनत की जीत है।

## रजक समाज संभागीय कर्मचारी विकास समिति की बैठक आयोजित हुई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** रजक समाज संभागीय कर्मचारी विकास समिति की बैठक 23 अगस्त 2025 को होटल ऑल सीजन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री पी सी पवन पूर्व जिला कलेक्टर ने की।बैठक में विचार कर निर्णय लिया गया कि संत गाडगे छात्रावास में स्थित हॉल में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए।

निर्माण कार्य हेतु 10लाख रुपए की आवश्यकता होगी। निर्माण कार्य में सहयोग हेतु लगभग 24 सदस्यों ने मिलकर 2 लाख रु देने की घोषणा की है। शेष राशि के लिए समाज के सक्षम व्यक्तियों से घर-घर जाकर संपर्क करके राशि जुटाई जाएगी। महा जून ,जुलाई एवं अगस्त में जिन सदस्यों की जन्म तिथि एवं विवाह



वर्षगांठ रही है उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं नए सदस्यों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सोमेश भारद्वाज द्वारा म्युचुअल फंड इन्वेस्टमेंट के संबंध में सदस्यों को उपयोगी जानकारी दी गई।बैठक में समाज के कोटा,बारां एवं झालावाड़ जिले के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष पी सी पवन,मंत्री शिवराज पंकज,कोषाध्यक्ष दिनेश पंकज,मुख्य सलाहकार रामस्वरूप पंकज,विधि सलाहकार चंदन एडवोकेट,महामंत्री भगवानदास पंकज,झालावाड़ से सदस्य अशोक पवन, सुरेश मालवीय, कमल कुमार,बारां से सदस्य धन्नालाल पंकज,कोटा से सदस्य बालक राम दिवाकर, बीरबल खाटवा ,कृष्णमूरारी, महावीर पंकज, महेश बाथरा , महेश चंद दिवाकर ,मोहनलाल वर्मा, मुकेश कुमार दाहवा, श्री पवन पंकज, राधे श्याम सांखला , श्रीमती शिक्षा पवन ,श्री मुकेश रावतभाटा से,श्री बलराम एवं श्रीमती अंजू वर्मा उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशी छात्राओं के लिए रक्त समूह जांच शिविर आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ग्वालियर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** आदिम जाति विभाग (मप्र) द्वारा संचालित उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में रविवार को रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन, रोटरी क्लब महानगर ग्वालियर एवं रोटरेक्ट क्लब महानगर ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। शिविर में छात्रावास की अधीक्षिका, स्टाफ सहित लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। विशेष रूप से नवीन प्रवेशित 25 छात्राओं के रक्त समूह की जांच की गई। शेष छात्राओं की जांच हेतु अगला शिविर 31 अगस्त 2025 को तथा आवश्यकता अनुसार आगामी रविवार को भी लगाया जाएगा। इस आयोजन का संचालन डॉ. नरेंद्र नाथ लाहा के निर्देशन में लाहा डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर के तकनीकी स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन से डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. नरेंद्र नाथ लाहा, श्रीमती रचना शर्मा, श्रीमती राजकुमारी शर्मा, ईजी. सागर शर्मा, एड. आलोक द्विवेदी, श्री संजय अरोरा, डॉ. राजेंद्र नाथ उपाध्याय तथा दिल्ली से पधारे आजीवन सदस्य विकास चौहान उपस्थित रहे। रोटरी क्लब महानगर की ओर से अध्यक्ष रोटेरियन राजू मित्तल, रोटरेक्ट क्लब महानगर अध्यक्ष सुश्री पूनम मित्तल, सचिव सुश्री अंशिता जैन, सदस्य सुश्री प्रज्ञा बंसल एवं दीपिका जैन मौजूद रहीं। छात्रावास की ओर से अधीक्षिका सुश्री मिंज, सुश्री नीलम भार्गव, सुश्री रीना शर्मा, कुमारी प्रगति सहित स्टाफ व छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं को स्कूल बैग वितरित

बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बसाओ अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** आर्य समाज द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं को रविवार को स्कूल बैग वितरित किए गए। यह वितरण भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से, कस्बे के सेठो की हवेली निवासी स्व. निरंजनलाल गुप्ता की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुकुल आचार्या सुमन आर्या व कन्याओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं यज्ञ से हुआ। मुख्य अतिथि विद्या दिनेश चंद्र पांडे, विशिष्ट अतिथि प्रधान राजेंद्र मित्तल एवं अध्यक्षता मनीष मित्तल ने की। इस अवसर पर परिषद शाखा की ओर से नई दिल्ली स्थित निरंजन सेवा के सहयोग से गुरुकुल की सभी 55 छात्राओं को विद्यालय बैग भेंट किए गए। गुरुकुल आचार्या प्रियंका आर्या ने शाखा का आभार व्यक्त करते हुए इसे कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में आर्य महिला विद्यापीठ की छात्राओं ने भी भागीदारी की। समापन प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर शाखा के राजेश गोयल, लवकेश सैनी, नवीन मित्तल, दिलीप सिंघल, विजय अग्रवाल, बृजेश जिंदल, प्रकाश जैमन, निशांक, सूर्यांक, यूवेन एवं आर्य समाज के नित्यानंद पांडेय, प्रकाशचंद शर्मा, टीटू स्वामी, राकेश सिंघल, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

## बाड़ी सहित जिले में धड़ल्ले से हो रही चीनी टैक्स चोरी, मंडी सचिव ने की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** जिले में चीनी बिक्री पर टैक्स चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद धौलपुर मंडी सचिव सी. मीणा ने टीम सहित बाड़ी शहर में व्यापारियों के गोदामों और दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चीनी स्टॉक की गिनती कर अब तक का लेखा-जोखा लिया गया और मंडी टैक्स जमा कराने के नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान शहर की पांच फर्मों पर करीब 52 लाख रुपए कीमत की लगभग 1200 क्विंटल चीनी और 25 क्विंटल गुड़ का स्टॉक मिला। इस पर एक लाख दो हजार रुपए मंडी टैक्स जमा कराने के नोटिस जारी किए गए हैं। बताया गया कि यह स्टॉक ऑफ सीजन में मिला है, जिससे आने वाले सालगिरह और सर्दियों के मौसम में बिक्री की संभावनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अनुमान के अनुसार इतने स्टॉक पर मंडी टैक्स करीब 52 हजार रुपए प्रतिदिन और लगभग 15 लाख रुपए मासिक बनता है, जो सीधे-सीधे चोरी के दायरे में आता है। बाड़ी शहर सहित धौलपुर जिले में चीनी टैक्स चोरी की शिकायतें पूर्व में भी कई बार सामने आ चुकी हैं। यहां तक कि जिला प्रभारी मंत्री बैठम ने भी मामले में जांच के आदेश दिए थे। अलवर और जयपुर से आई विजिलेंस टीम ने जांच की थी, लेकिन उसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। मंडी प्रशासक डॉ. साधना शर्मा और उपखंड अधिकारी धौलपुर के संज्ञान में भी यह मामला डाला गया है, लेकिन अब तक चीनी माफियाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं हो पाई है। निरीक्षण के दौरान बीडीएम ट्रेडर्स, श्याम प्रताप कम्पनी, अमन ट्रेडिंग कम्पनी, गंगाराम एंड संस और अशोक ट्रेडिंग कम्पनी के यहां स्टॉक बरामद हुआ है, जिन पर मंडी टैक्स जमा करने और रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया है।

# सैकड़ों भक्तों ने अमावस्या पर लगाई डुबकी

## लक्खी देव छठ मेले में 30 कैमरों से होगी निगरानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा ) ।** दो दिवसीय लक्खी देव छठ मेला 28 अगस्त से मचकुंड पर आयोजित होगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं और कई प्रतिबंध भी लगाए जाएंगे। पश्चिमी घाटों पर स्नान पर पूरी तरह रोक रहेगी, क्योंकि यहाँ घाट जर्जर हो चुके हैं और 40 फीट गहराई होने से खतरा बना हुआ है। केवल श्री लाडली जगमोहन जी, जगन्नाथ जी मंदिर घाट, शिवानंद आश्रम घाट और रानी गुरु मंदिर से आगे के घाटों पर स्नान की अनुमति होगी। शनिवार को अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मचकुंड पहुंचे और डुबकी लगाकर देव छठ मेले की हाजिरी लगाई। इस मौके पर धर्मप्रेमियों की ओर से भंडारे भी आयोजित किए गए। एसडीएम साधना शर्मा ने बताया कि मेले में पाँच कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे और हर सौ मीटर पर माइक से जरूरी निर्देश प्रसारित होंगे। करीब 300 पुलिसकर्मी, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और 60 गोताखोर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। घाटों पर जालियां और बैरिकेडिंग लगाई जाएगी, जबकि पानी की पाइपलाइन से तेज बहाव छोड़ा जाएगा ताकि स्नान करने वालों की भीड़ नियंत्रित रहे। नगरपरिषद की ओर से स्पष्ट किया गया है कि मंदिर परिसर में प्रसादी की दुकानें नहीं लगेंगी, श्रद्धालु अपने साथ प्रसाद लेकर आएं। इस बार मचकुंड परिसर में लगभग 30 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शनिवार सुबह एडीएम हरिराम मीणा और एसडीएम साधना शर्मा ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।



# सुरक्षा के साथ सेहत पर भी फोकस

## राजसमंद पुलिस का फिट इंडिया अभियान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद पुलिस ने रविवार को फिट इंडिया अभियान के तहत योग, रन और संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिले के कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी ममता गुप्ता, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एडिशनल एसपी रजत विश्नोई सहित पुलिस अधिकारी, विद्यार्थी और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह छह बजे ऐतिहासिक नौ चौकी पाल पर हुई, जहाँ प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। इसके बाद रन और साइकिलिंग का आयोजन हुआ। नौ चौकी पाल से लेकर नगर तक सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक साइकिल रैली निकाली। जिला कलक्टर




हसीजा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। वहीं, एसपी ममता गुप्ता ने कहा कि नियमित योगाभ्यास और फिटनेस से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि समाज भी सशक्त बनता है। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना तथा फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। राजसमंद पुलिस ने इस संदेश को भी रेखांकित किया कि वह नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सेहत का ध्यान रखने में भी पीछे नहीं है।

## अब केवल एमआईएस 2.0 पोर्टल पर ही होंगे आवेदन- प्रदूषण नियंत्रण मंडल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने एमआईएस 1.0 पोर्टल से आवेदन लेना बंद कर दिया है। अब सभी नए आवेदन केवल एमआईएस 2.0 के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

वहीं, एमआईएस 1.0 पर लंबित आवेदनों का निस्तारण ग्रीन चैनल के जरिए किया जाएगा। राज्य मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक जेलिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस पर ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमआईएस 2.0 का लोकार्पण किया था।

इस प्रणाली में आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन एवं बिना मानवीय हस्तक्षेप के भरे जाते हैं। एमआईएस 2.0 पर उद्योगों को निरीक्षण सूचना, त्रुटि सूचना और निश्चित समय-सीमा जैसी सुविधाएँ वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से मिलेंगी।

साथ ही, प्रशासनिक प्रक्रिया सरल बनाने के लिए इसमें ऑटो रिन्यूअल सिस्टम भी जोड़ा गया है। इसके अलावा, एक सिटीज़न पोर्टल भी बनाया गया है, जहाँ आमजन मंडल से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी जेलिया ने उद्योगपतियों से अपील की है कि वे एमआईएस 2.0 के माध्यम से आवेदन कर त्वरित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक प्रक्रिया का लाभ उठाएँ।

## 5 हज़ार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा, पिस्टल बरामद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर सैपऊ रोड से एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया आरोपी राधाचरण पुत्र नवल सिंह गुर्जर निवासी नकसोदा हत्या के प्रयास के मामले में करीब 10 महीने से फरार चल रहा था। आरोपी पर ?5 हज़ार का इनाम घोषित था।

थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर फरार अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक हथियार सहित सैपऊ रोड पर घूम रहा है। थाना पुलिस टीम—हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामलखन और सूरज कुमार ने मौके पर दबिश दी।

पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे गुमट चौकी के पास दबोच लिया गया। आरोपी से एक पिस्टल बरामद की गई। राधाचरण पर पहले से ही हत्या के प्रयास का केस दर्ज है।

उसके खिलाफ नया मामला 314/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खतरे के निशान से 8.20 मीटर ऊपर चंबल का जलस्तर, पार्वती बांध के तीन गेट खुले

## धौलपुर में पुलिस और प्रशासन अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** जिले की प्रमुख नदियां चंबल और पार्वती इन दिनों उफान पर हैं। कोटा बैराज और आंगई बांध से छोड़ा गया पानी तटीय क्षेत्रों में पहुंचने लगा है। रविवार सुबह 9 बजे चंबल नदी का जलस्तर 139.20 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 130.79 मीटर से 8.20 मीटर अधिक है। शनिवार से नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शाम तक यह खतरे के निशान से 7 मीटर ऊपर पहुंच गया था, जबकि रविवार सुबह यह और बढ़कर 8.40 मीटर ऊपर तक पहुंच गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाड़ौती क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण जलस्तर में वृद्धि हुई है। हालांकि पानी की आवक कम होने पर जलस्तर में गिरावट की संभावना जताई जा रही है। इधर, पार्वती नदी पर बने आंगई बांध के गेट लगातार दूसरे दिन भी खुले हुए हैं। शनिवार को चार गेट खोलकर 4500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, बाद में एक गेट बंद कर दिया गया। वर्तमान में



तीन गेट से पानी की निकासी जारी है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन, साइकलिंग से दिया स्वस्थ रहने का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से शुरू हुई यह रैली जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आरएसी लाइन तक पहुँची। इसमें पुलिस अधिकारी, 6वीं बटालियन आरएसी के जवान, पुलिस मित्रों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी



उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बैनर और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। उन्होंने बताया कि योग, व्यायाम और नियमित शारीरिक गतिविधियाँ हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती हैं। उन्होंने साइकलिंग को व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण दोनों के लिए लाभकारी बताया। एसपी विकास सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप इस रैली का उद्देश्य फिटनेस जागरूकता बढ़ाना और साइकिलिंग को पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि साइकिलिंग हृदय और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाती है, प्रदूषण कम करती है और यातायात के दबाव को भी घटाती है। रैली के बाद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने योग व जुम्बा कर पसीना बहाया और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## जिले में पुलिस का कड़ा प्रहार : अवैध हथियार और अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई

### पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में तीन दिवसीय विशेष अभियान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में अवैध हथियारों और अवैध शराब के खिलाफ तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।

21 से 23 अगस्त तक चलाए गए इस अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। अभियान के दौरान अवैध हथियारों की धरपकड़ में पुलिस ने 24 प्रकरण दर्ज कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में 02 पिस्टल, 01 बंदूक, 17 कट्टे, 04 चाकू सहित कुल 24 अवैध हथियार और 06 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। इसी तरह अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसते हुए पुलिस ने 44 प्रकरण दर्ज कर 44 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कुल 2457 अवैध देशी शराब के पव्वे बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक सांगवान ने बताया कि अभियान के तहत सभी थानाधिकारियों को विशेष रणनीति बनाकर अपने-अपने इलाकों में सक्रिय अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

उन्होंने कहा कि अवैध हथियार रखने वालों और अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी। सांगवान ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस टीमों को गश्त और बीट स्तर पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

संदिग्धों की गहन जांच और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस को सख्ती से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुबह से झमाझम बरसात, चारभुजा-नाथद्वारा सहित कई क्षेत्रों में पानी-पानी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** रविवार को जिलेभर में सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही बरसात से मौसम सुहावना हो गया और आमजन को उमस व गर्मी से राहत मिली। कलवा, चारभुजा, नाथद्वारा, कांकरोली और कुंवारिया सहित कई ग्रामीण इलाकों में पानी भर गया। वहीं, कई स्थानों पर मुख्य मार्गों पर जलजमाव से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात से किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। खेतों में पानी की अच्छी आवक होने से खरीफ की फसलों को संजीवनी मिली है। स्थानीय किसान अमित ने बताया कि यह बरसात फसलों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। इसी बीच बारिश ने पर्यटन स्थलों की रौनक भी बढ़ा दी। चारभुजा नाथ मंदिर और नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में इज़ाफा हुआ। कांकरोली स्थित राजसमंद झील में बढ़ते पानी ने झील की खूबसूरती को और निखार दिया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है।



# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सांसद अग्रवाल ने दी आर्थिक मदद का आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** जिले में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान और प्रभावित लोगों की समस्याओं का जायजा लेने रविवार को सांसद दामोदर अग्रवाल स्थानीय प्रशासन और जिला परिषद सीईओ रवि वर्मा के साथ नैनवां शहर और उपखंड क्षेत्र के प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे। सांसद ने प्रभावित लोगों से मकान, मवेशी और फसलों के नुकसान के बारे में जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद ने पालिका सभागार में स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनी। इसके बाद सांसद ने खानपुरा पंचायत का दौरा किया और वहां के लोगों से बातचीत कर उन्हें राहत देने का भरोसा दिलाया। सांसद अग्रवाल ने नैनवां के नवलसागर, कनकसागर और रायसागर तालाबों का भी निरीक्षण किया, जो अतिवृष्टि से ओवरफ्लो हो गए थे। उन्होंने तालाबों की पाल और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लिया और पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। सांसद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नैनवां क्षेत्र में अतिवृष्टि से व्यापक आर्थिक नुकसान हुआ है। कई दुकानों और मकानों के ढह जाने के साथ-साथ फसलें नष्ट हो गई हैं और मवेशियों के चारे की स्थिति भी खराब हो गई है। सांसद सोमवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा स्पीकर ओमकृष्ण बिरला भी इस अतिवृष्टि से चिंतित हैं और पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालात जस के तस बने हुए हैं। सड़कों और सरकारी भवनों को भी नुकसान पहुंचा है। टोडापोल मुक्तिधाम में सामुदायिक भवन गिर गया है। खानपुरा और टोपा गांव में कई घरों में पानी भर गया है। कनकसागर और नवलसागर तालाबों की पालें टूट गई हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि उन्हें लगता है कि प्रदेश सरकार सांसद को क्षेत्र का दौरा कराने भेज रही है ताकि आर्थिक पैकेज की घोषणा हो, लेकिन केवल आश्वासन देने से लोगों में नाराजगी है। इसी बीच, अतिवृष्टि से बांसी-वा देई मार्ग पर जेसीबी निकालते समय यूपी निवासी संत कुमार तेज बहाव में बह गया था। रविवार को पंचायत समिति प्रधान पदम कुमार नागर, सरपंच सत्यप्रकाश शर्मा, विकास अधिकारी और अन्य विभागों के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू टीम और ग्रामीणों की मदद से जेसीबी को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन पानी में बहा युवक अभी तक नहीं मिला है। रेस्क्यू अभियान जारी है।

## साध्वी कंचन कंवर ने बच्चों को संस्कारों की आवश्यकता पर दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में अंबेश भवन में आयोजित प्रवचन में साध्वी कंचन कंवर ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले बड़ों का सम्मान और आदर भाव व्यक्त करने के लिए श्री और जी जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता था, जबकि आजकल बच्चे माता-पिता का नाम मां, माताजी, पिताजी, दादाजी के स्थान पर मॉम, डेडी, ददु, जिजु कहकर लेते हैं। साध्वी कंवर ने यह भी कहा कि बच्चों को भौतिक शिक्षा देने के साथ-साथ घर में आदर और संस्कार की शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आपका व्यवहार आपके संस्कारों की वसीयत बताता है। बच्चों को कार से ज्यादा संस्कारों की आवश्यकता है। साध्वी डॉ. सुलोचना ने पयुर्षण के पांचवे दिवस प्रवचन में विचारों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन व्यक्ति भले ही सुरक्षित और सुखी रह सकता है, लेकिन विचारों से दृष्टिहीन व्यक्ति कभी सुखी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यदि सास अपनी बहू को बेटी की तरह समझे और बहू सास को माँ की तरह, तो घर स्वर्ग बन जाएगा। इसी प्रकार समाज के लोग एक-दूसरे को सम्मान के रूप में समझें तो सामाजिक सुधार संभव है। इस अवसर पर श्रमण संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि रविवार को प्रांचल कोठारी ने आठ, पूर्व नगर पालिका पार्षद सुनीता सांवला ने छह, अशोक बापना और सुरभि बापना ने क्रमशः पांच-पांच उपवास के प्रत्याख्यान किए। इसके अलावा कई श्रावकों ने एकासन, आयबिल, दया उपवास और तेल के पच्चखान में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रभावना की भूमिका अशोक कुमार और सूर्यप्रकाश सिरोया ने निभाई।

## संडे ऑन साइकिलः अजमेर में पुलिस और आमजन ने दिया फिटनेस का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहम्मद नज़ीर क़ादरी )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला पुलिस अजमेर, जीआरपी अजमेर और हाड़ारानी महिला बटालियन की ओर से रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में पुलिसकर्मियों, उनके परिजनों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 6:30 बजे पुलिस लाइन कन्वेंशन हॉल में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक ने लाउडस्पीकर के माध्यम से योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इसके बाद सुबह 7:00 बजे जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, आईपीएस और जीआरपी पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों को व्हाइट कैप वितरित कर हरी झंडी दिखाते हुए साइकिल रैली को रवाना किया। रैली पुलिस लाइन मेन गेट से शुरू होकर जेल चौराहा, अंबेडकर सर्किल, कलेक्ट्रेट, ज्योतिबा फुले सर्किल होते हुए पुनः पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। इसमें लायंस क्लब और साइकिल वाला सहित कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी संगठनों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग और साइकिलिंग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि समाज और पुलिस के बीच आपसी सहयोग और विश्वास को भी मजबूत करता है। इस पहल ने 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को सार्थक करते हुए स्वस्थ समाज की दिशा में प्रेरणादायी कदम बढ़ाया।

## अलीशा टोरेन्ट इंडिया एवं महिन्द्रा सेज जयपुर में जॉब प्राप्त करने का सुनहरा मौका

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** देश की प्रतिष्ठित कम्पनी अलीशा टोरेन्ट इंडिया एवं महिन्द्रा सेज जयपुर द्वारा माखुपुरा स्थित राजकीय आईटीआई में फिक्स टर्म एवं अप्रेन्टिसशिप के लिए बुधवार, 26 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से कैम्पस आयोजित किया जाएगा। सलेक्शन के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया जाएगा।जयपुर द्वारा माखुपुरा स्थित राजकीय आईटीआई में फिक्स टर्म एवं अप्रेन्टिसशिप के लिए बुधवार, 26 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से कैम्पस आयोजित किया जाएगा। सलेक्शन के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया जाएगा। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं प्रमोद कांकाणी ने बताया कि वर्ष 2020 से 2025 के ऑफसेट एवं प्रिंटिंग टेक्नोलोजी के आईटीआई उत्तीर्ण व अंतिम वर्ष के पुरूष अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी को 10 वीं एवं आईटीआई की मार्कशीट, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो) मूल कॉपी एवं प्रत्येक की दो-दो फोटो कॉपी मय पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रातः 10 बजे संस्थान में उपस्थित होना होगा। चयनित प्रतिभागी प्रतिदिन 8 घंटे कार्य के लिए 16 हजार रूपए सीटीसी तथा ट्रांसपोर्टेशन फैसिलिटी, सेफटी यूनिफॉर्म, टर्म इंश्योरेन्स 15 लाख से 20 लाख तक, एस डेथ इंश्योरेन्स तथा नियमानुसार लीव के योग्य होंगे।

## रोडवेज यात्री की जेब से 50 हजार की चोरीः धौलपुर में दो आरोपी गिरफ्तार, 40 हजार रुपए बरामद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सैंपऊ थाना पुलिस ने रोडवेज यात्री की जेब से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी भरतपुर निवासी भारत (23) और सुखदेव (20) कुख्यात बावरिया गैंग के सदस्य हैं। पुलिस ने आरोपियों से 40 हजार रुपए बरामद किए हैं। थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा ने बताया कि घटना 14 अगस्त को सैंपऊ मेन चौराहे पर हुई थी। पीड़ित शिवकुमार (55) धौलपुर जाने के लिए बस में चढ़ रहे थे। तभी आरोपियों ने धक्का देकर उनकी जेब से 50 हजार रुपए निकाल लिए और फरार हो गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें दो युवक मोटरसाइकिल से भागते हुए नजर आए। मोटरसाइकिल नंबर RJ®zXS0261 ट्रेस कर आरोपियों की पहचान भरतपुर के गोकुल नगर और रंजीत नगर कच्ची बस्ती के रूप में हुई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को एनएच-123 कैथरी बॉर्डर से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चोरी की वारदात स्वीकार करने पर 40 हजार रुपए बरामद किए गए। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## 28 अगस्त से दशलक्षण पर्व, जैन मुनि ने धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** देवपुरा स्थित जैन संतशाला में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जैन मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने आगामी दशलक्षण पर्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह 10 दिवसीय पर्व 28 अगस्त से 6 सितंबर तक पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुनि महाराज ने दशलक्षण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आत्म-कल्याण का एक विशेष अवसर है, जिसमें पूजा और त्याग के माध्यम से धर्म के दस उत्तम लक्षण—क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य—को आत्मसात किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि पर्व के दौरान श्रावक संस्कार शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बच्चों, महिलाओं और श्रावकों को जैन धर्म के मूल्यों से परिचित कराया जाएगा। पूरे पर्व में संगीतमय विधि-विधान के साथ धार्मिक क्रियाएं संपन्न होंगी। मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता धर्म की प्रभावना का एक बड़ा पुण्य कार्य है। चातुर्मास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष पदम बरमुंडा और संयोजक कमल कोटिया ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे प्रार्थना के साथ दिन की शुरुआत होगी, सुबह 9:30 बजे दशलक्षण मंडल विधान पूजन और मुनिश्री के प्रवचन होंगे, दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक धर्मकक्षा और तत्वार्थ सूत्र कक्षा आयोजित की जाएगी, जबकि शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे मुनिश्री की गुरुभक्ति का कार्यक्रम रहेगा। दशलक्षण पर्व का समापन 7 सितंबर को सामूहिक क्षमावाणी पर्व के साथ होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान दशलक्षण पर्व के फोल्डर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र हरसौरा, देवेन्द्र सामरिया, तरुण जैन, गौरव जैन और अभिषेक जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। चातुर्मास व्यवस्था समिति के प्रचार मंत्री नरोत्तम ठग ने समस्त जानकारी दी, जबकि कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र काला ने किया।

## खटकड़ के पास सेना की बाढ़ राहत टुकड़ी ने 41 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजपुताना राइफल्स (सवाईमान) की एक बाढ़ राहत टुकड़ी ने खटकड़ के पास स्थित बड़ा डांढला कस्बे में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए 41 ग्रामीणों को सुरक्षित बचाया। रविवार सुबह लगभग 06:00 बजे राहत टुकड़ी घटना स्थल पर पहुंची और तुरंत क्षेत्र का सर्वेक्षण कर बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक आकलन में पता चला कि कई ग्रामीण पिछले 3-4 दिनों से एक छोटे द्वीप पर फंसे हुए थे और उनके पास भोजन की गंभीर कमी थी। इंजीनियर डिटैचमेंट्स के समन्वय में तीन बचाव दलों को तैनात किया गया, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों सहित कुल 41 ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाव के बाद उन्हें तत्काल आपातकालीन खाद्य सामग्री प्रदान की गई और चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्राथमिक उपचार भी किया गया। सफल बचाव अभियान के बाद बूंदी के अपर जिला मजिस्ट्रेट (ॠरू) ने राहत टीम को नए आदेश जारी किए, जिसके तहत उन्हें लाखेरी क्षेत्र के लिए रवाना किया गया, जहां बाढ़ की स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है।

## भारी वर्षा की चेतावनी पर जिला प्रशासन अलर्ट

### कलक्टर लोक बंधु ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** मौसम विभाग द्वारा जिले में 25 अगस्त के लिए जारी रेड अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।

जिला कलक्टर लोक बंधु ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्टर ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में भारी बारिश की संभावना है।

ऐसी स्थिति में सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर हालात पर लगातार नजर रखें और किसी भी आपात परिस्थिति में तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी उच्चाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सतर्क रहें और जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष जिला कलेक्ट्री में स्थापित किया गया है, जहां 24 घंटे 0145-2628932 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे जल स्त्रोतों से दूर रहें, बच्चों को पानी भरे स्थानों के पास न जाने दें तथा किसी भी बहते पानी की रपट या पुलिया को पार करने का प्रयास न करें।

## मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

### विश्व मुक्केबाज इमरोज खान ने जीता ध्यान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहम्मद नज़ीर क़ादरी )।** मुस्लिम वेलफेयर एंड एजुकेशन समिति के तत्वावधान में रविवार को जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज के डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 300 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनिवास मेहता थे, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद खान ने अध्यक्षता की। समारोह में रेलवे अस्पताल के डॉ. इमरान खान, रेवेन्यू बोर्ड के लेखाधिकारी आबिद अली, अंजुमन सैयदजादगान के सदर सैयद गुलाम किबरिया, अंजुमन शेखजादगान के सचिव शेखजादा इजहार चिश्ती, एसोसिएशन मुस्लिम प्रोफेशनल्स (एएमपी) के आमिर इदरीसी और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज इमरोज खान अब्बासी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।




समारोह में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने युवाओं को शिक्षा और समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया।

विश्व मुक्केबाजी में भारत का नाम रोशन करने वाली झांसी की बेटी इमरोज खान अब्बासी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इमरोज ने इंग्लैंड के बर्बिंघम शहर में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित विश्व पुलिस मुक्केबाजी गेम्स में अमेरिकी महिला बॉक्सर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, सेमीफाइनल बाउट में ब्राजील की प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। इमरोज वर्तमान में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

इमरोज खान ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने कोच, परिवार और समर्थकों को देते हुए कहा कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन उनके साथ देशवासियों की दुआएं थीं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी भारत का नाम रोशन करने के लिए मेहनत जारी रखेंगी। इस अवसर पर शकील अब्बासी ने कहा कि इमरोज ने न केवल खेल के क्षेत्र में भारत का नाम ऊंचा किया है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं।

## शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा कपासन का निर्वाचन रविवार को निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी डॉ. हीरालाल लोहार और पर्यवेक्षक रविंद्र सिंह सिसोदिया की मौजूदगी में राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित इस निर्वाचन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर शांतिलाल शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन में अन्य पदाधिकारियों का भी निर्विरोध चयन हुआ। मंत्री पद पर गोपालकृष्ण नामधर, सभाध्यक्ष राजेन्द्र व्यास, उपसभाध्यक्ष शिवशंकर शर्मा व संदीप ढाका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मचंद कीर, उपाध्यक्ष (पुरुष) मनमोहन आचार्य, उपाध्यक्ष (महिला) पिंकी शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी, महिला मंत्री ममतारानी शर्मा, अध्यापक सदस्य गोपाललाल छिपा व माधवलाल भील, वरिष्ठ अध्यापक नरेंद्र कुमार जोशी, प्राध्यापक शंकरलाल सेन, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय, संस्कृत शिक्षक भानू कुमार वैष्णव, महिला शिक्षक अनुपमा जोशी, प्रयोगशाला सहायक आयुष बारेगामा, शारीरिक शिक्षक डूंगर सिंह राजपूत, शिक्षक अमराराम, सेवानिवृत्त शिक्षक कमल कुमार दाधीच, प्रबोधक भेरूलाल बंजारा, कंप्यूटर शिक्षक विकास राव और पंचायत शिक्षक गिरजाशंकर त्रिवेदी को जिम्मेदारी दी गई। वार्षिक अधिवेशन में चुनाव अधिकारी डॉ. हीरालाल लोहार ने नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी दी, जबकि पर्यवेक्षक रविंद्र सिंह सिसोदिया ने हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान अभियान को 1 सितंबर 2025 को मनाने पर चर्चा की। नवनियुक्त अध्यक्ष शांतिलाल शर्मा ने कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार करने की योजना भी साझा की। इसी दौरान जिला महासमिति और प्रदेश समिति का भी निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभाध्यक्ष राजेन्द्र व्यास ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुकेशचन्द्र त्रिपाठी, राकेश व्यास, दिलीप उपाध्याय, सुरेश खेरीवाल, सोनू शर्मा, विकास सोंखल, जगदीश धोबी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए 25 अगस्त को विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** मौसम विभाग द्वारा जिले में अतिवृष्टि की प्रबल संभावना को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 25 अगस्त 2025 (सोमवार) को जिले में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू रहेगा। विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत समस्त स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। साथ ही जिले के सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर, 121 यूनिट रक्त एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( नि.स. )।** विश्व विकास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र प्रभु कीर्ति कुंज, रेलवे स्टेशन रोड, चौमू में महा अभियान रक्तदान महादान का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी प्रेम बहन, मंगला बहन और शिवाली बहन के सानिध्य में किया गया। शिविर में सेवा केंद्र से जुड़े भाई-बहनों और आसपास के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं उत्तर देहात भाजपा अध्यक्ष अर्चना कुमावत, एमजेएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर कैलाश राज सैनी, सैनी समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी, कालाडेरा पूर्व सरपंच विष्णु नागर, सुरेंद्र कुमार यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज गोयल, उद्योगपति दिनेश खेमावत एवं मनीष जांगिड़, नानूराम यादव, कैलाश बजाज उपस्थित रहे। ब्लड बैंक जयपुर के सदस्य कमल शर्मा ने जानकारी दी कि इस रक्तदान शिविर में कुल 121 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में स्थानीय सेवा केंद्र से ईंदू बहन, मीरा बहन, सीता बहन, गुड्डी बहन तथा भाई फूलचंद, भाई बाबूलाल, भाई श्याम पटवा, भाई शिमभू दयाल, भाई ओम प्रकाश, भाई राम चरण, भाई ललित, भाई नीलेश आदि ने भी अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# अंतरिक्ष से वापसी के क्रू मॉड्यूल का टेस्ट कामयाब

## चिनूक हेलिकॉप्टर ने 4किमी. की ऊंचाई से समुद्र में गिराया; गगनयान मिशन में इस्तेमाल होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने रविवार को पहला इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगी। टेस्ट के दौरान लगभग 5 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। पैराशूट ने नीचे आते समय तय प्रोसेस में खुलकर कैप्सूल की रफ्तार धीमी की और उसे सुरक्षित लैंडिंग के लिए तैयार किया। इस अहम टेस्ट में इसरो, भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और इंडियन कोस्ट गार्ड ने मिलकर काम किया।

### गगनयान मिशन से भारत को क्या हासिल होगा

स्पेस एक बढ़ती हुई इकोनॉमी है, जो 2035 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 154 लाख करोड़ रुपए की हो जाएगी। इसलिए भारत का इसमें बना रहना जरूरी है। रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत स्पेस में इंसान भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। स्पेस के जरिए सोलर सिस्टम के अन्य पहलुओं की रिसर्च का रास्ता खुलेगा। भारत को खुद का स्पेस स्टेशन बनाने के प्रोजेक्ट में मदद मिलेगी। रिसर्च और डेवलपमेंट के क्षेत्र में नए रोजगार बनेंगे। निवेश बढ़ेगा, जिससे इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा। स्पेस इंडस्ट्री में काम कर रहे दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा।



# ड्रग्स का इंजेक्शन देकर युवक को उतारा मौत के घाट, पुरानी रंजिश खत्म करने का झांसा देकर मिलने बुलाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर सदर थाना इलाके में ड्रग्स का इंजेक्शन देकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शातिर बदमाश ने मृतक के मोबाइल पर कॉल कर पुरानी रंजिश खत्म करने का झांसा देकर बुलाया और मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत वे कोर्ट के आदेश पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर द्वारकापुरी निवासी ज्योति सिंह (25) का आरोप है कि उसका पति हिम्मत सिंह (27) मजदूरी करता था बलवीर मीणा और रविंद्र से उसके पति हिम्मत का काफी समय से झगड़ा चल रहा था। 26 जून को सुबह आठ बजे आरोपी रविंद्र ने कॉल कर हिम्मत सिंह को कॉल कर पुरानी रंजिश खत्म करने का झांसा देकर बुलाया । जिसके बाद काफी देर तक हिम्मत घर नहीं लौटा तो उसके मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन हिम्मत सिंह ने फोन नहीं उठाया।

# पंचतत्व में विलीन हुए अयोध्या के राजा विमलेंद्र मोहन : बेटे ने दी मुखाग्नि

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या।** अयोध्या के राजा कहे जाने वाले विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र (पप्पू भैया) का निधन हो गया। वह 71 साल के थे। बीपी के पेशेंट थे। शनिवार रात 12 बजे उन्होंने अयोध्या स्थित राज सदन आवास पर अंतिम सांस ली। विमलेंद्र मोहन श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य थे। विमलेंद्र मोहन, अयोध्या की राजा दर्शन सिंह वंशावली से जुड़े हुए थे। विमलेंद्र की माता का नाम विमला देवी और पिता का नाम डॉक्टर रमेंद्र मोहन मिश्र था। अयोध्या की महारानी विमला देवी के दो बेटे हुए, विमलेंद्र और शैलेंद्र। बड़े होने के कारण राजवंश का प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी विमलेंद्र मोहन को मिली। लोग उन्हें अयोध्या का राजा कहकर पुकारने लगे। विमलेंद्र मोहन के बेटे यतींद्र मोहन प्रताप मिश्र प्रख्यात संगीतकार और राष्ट्रीय कवि हैं। यतींद्र ने लता मंगेशकर पर 'लता सुर गाथा' नामक प्रसिद्ध पुस्तक लिखी, जिस पर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। रविवार शाम 4 बजे विमलेंद्र मोहन का शव उनसे आवास से बैकुंठ धाम लाया गया। यहां पर बेटे यातेंद्र मोहन मिश्रा ने मुखाग्नि दी। विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम दर्शन के लिए मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व प्रदेश सचिव अवनीश अवस्थी, अयोध्या सांसद अवधेश दास, राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अखिलेश बोले- पूजा पाल को भाजपा वाले मार देंगे : जेल हम लोग जाएंगे, इसलिए जांच हो, आखिर किससे खतरा

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। लखनऊ में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा- विधायक पूजा पाल को भाजपा वाले मार देंगे, जेल हम लोग जाएंगे। इसलिए जांच होनी चाहिए कि पूजा पाल को किससे खतरा है? यूपी सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि कोई सीएम से मिल रहा हो और उसे जान का खतरा हो। इस मामले में सपा ने गृहमंत्री को लेटर लिखा है। पूरी जांच की जानी चाहिए। पूजा पाल जितने साल तक सपा के साथ थीं, तब उन्हें कोई जान का खतरा नहीं था। दरअसल, दो दिन पहले पूजा पाल ने ट्वीटर पर लेटर पोस्ट करके अखिलेश यादव पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि अगर मेरे पति की तरह मेरी हत्या हो तो इसका दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए। 14 अगस्त को अखिलेश ने पूजा पाल को पार्टी से बर्खास्त कर दिया था। पूजा पाल ने विधानसभा सत्र के दौरान सीएम योगी की तारीफ की थी। कहा था कि उन्होंने माफिया अतीक अहमद को मिट्टी में मिलाया। पूजा की इस स्पीच के करीब 8 घंटे बाद ही अखिलेश ने उनको पार्टी से बाहर कर दिया

# सीएम सैनी बोले- मनीषा ने दवाई ली थी : पारिवारिक विषय भी होते हैं, पुलिस मिसबिहेव की बात भी मानी; गैंगस्टर ने 51 लाख के इनाम का ऐलान किया

बढ़ता राजस्थान

**भिवानी (एजेंसी)।** हरियाणा के भिवानी की लेडी टीचर मनीषा की मौत को लेकर सीएम नायब सैनी ने कहा कि मनीषा ने कीटनाशक दवाई ली थी, इसकी पुष्टि हो चुकी है। विपक्ष बेवजह इस मामले को मुद्दा बना रहा है। पहले सिरसा और फिर रविवार को पानीपत में ष्टरू ने यह बात भी कबूल की कि मनीषा के गायब होने पर उसके पिता संजय के साथ डायल-112 और पुलिस थाने में मिसबिहेव किया गया। उन्होंने कहा कि इसी वजह से एसपी और बाकी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की जा रही है। जिससे ये पता चल सके कि उन्होंने मनीषा के परिवार से ऐसा व्यवहार क्यों किया। बता दें कि ष्टरू के आदेश पर स्क्क मनबीर सिंह को हटा दिया गया था। लोहारू थाने के एसएचओ को लाइनहाजिर और 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया था। इसी बीच मनीषा की मौत में लॉरेंस गैंग के बाद एक और गैंगस्टर की एंट्री हुई है। वहीं पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने उस आइडल नर्सिंग कॉलेज से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनका या उनके किसी रिश्तेदार का किसी स्कूल या कॉलेज से ताल्लुक नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहें तो सीएम सैनी इसकी जांच करा लें।

# डीके शिवकुमार के बाद कांग्रेस विधायक ने गाया नमस्ते सदावत्सले : बोले- मुझे इसमें कोई बुराई नहीं लगती; हमारी पार्टी सेक्युलर, अच्छी बातें अपनानी चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बाद अब एक और कांग्रेस विधायक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना नमस्ते सदावत्सले गाई है। तुमकुरु जिले के कुनिगल से विधायक एचडी रंगनाथ ने रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान नमस्ते सदावत्सले मातृभूमे की पंक्तियां पढ़ी और इसे बहुत अच्छा गीत बताया। उन्होंने कहा, मैंने इसे पहली बार तब सुना जब डिप्टी सीएम ने विधानसभा में गाया। मुझे इसमें कोई बुराई नहीं लगती। हमारी पार्टी सेक्युलर है और हमें दूसरों से अच्छी बातें अपनानी चाहिए। इससे पहले डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा के अंदर ङ्गस्स् की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे की 2 लाइनें गाकर सबको चौंका दिया था। इसे उनके भाजपा में जाने के संकेतों के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि, शिवकुमार ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं।

# आफत का मानसून : नागौर में 7 इंच बरसात

## मकान गिरने से 2 की मौत : सीकर बस स्टैंड और पुलिस चौकी में पानी भरा; जयपुर-कोटा समेत 19 जिलों में स्कूलों की छुट्टी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में भारी बरसात ने आमजन, किसानों के साथ-साथ प्रशासन की मुसीबत बढ़ा दी है। भारी बरसात से प्रदेश में कई इलाके जलमग्न हो गए। कई शहरों, गांवों और कस्बों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। रविवार को सबसे ज्यादा 7 इंच बरसात नागौर में दर्ज हुई। नागौर के बच्चाखाडा में मकान ढहने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं लोहारपुरा क्षेत्र में भी एक पुराना मकान भरभरा कर गिर गया। उदयपुर के डबोक में रविवार को कुंवारी माइंस में भरे पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

सीकर शहर में रात को भारी बारिश से मेन मार्केट में 2 से 3 फीट तक जल भराव हो गया। सीकर के बस स्टैंड परिसर और पुलिस चौकी में भी पानी भर गया। कई इलाकों में बिजली गुल है। झालावाड़ में कालीसिंध नदी की पुलिया पर एक कार तेज बहाव में बह गई। कार में 4 लोग सवार थे। इनमें से एक सरकारी टीचर समेत 2 की मौत हो गई, जबकि एक टीचर समेत 2 लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। मौसम विभाग ने राज्य में तेज बारिश का दौर 27 अगस्त तक जारी रहने की संभावना जताई है।


## बीसलपुर बांध से पानी की निकासी घटाई

**टोंक।** टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध में पानी की आवक एक दिन बाद ही कम पड़ने से सभी 6 गेटों से पानी निकासी शनिवार के मुकाबले रविवार सुबह आधी कर दी है। रविवार सुबह 6 बजे सभी 6 गेटों को एक-एक मीटर खोलकर सभी गेटों से प्रति सेकेंड 36 हजार 60 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में की जा रही है। जबकि रविवार सुबह 6 बजे से इससे पहले इन सभी गेटों को शनिवार से ही दो-दो मीटर खोलकर प्रति सेकेंड 72 हजार 120 क्यूसेक पानी निकासी की जा रही थी।

**बांध का जल स्तर मेंटेन कर निकाला जा रहा पानी**-बीसलपुर बांध परियोजना के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि पानी की आवक गत दिनों से बांध में कम होती जा रही है। इसके चलते बांध का जल स्तर 315 .50 मेंटेन कर बांध से काफी कम पानी निकासी की जा रही है।

**तापमान में आई गिरावट**-त्रिवेणी का गेज भी शनिवार के मुकाबले आज घट गया है। शनिवार को वह 4 मीटर के बहाव से बह रही रही। रविवार को वह 3 .90 मीटर के बहाव से बह रही है। वहीं मौसम खुशनुमान बना हुआ है। हवा चल रही है, बादल छाये हुए है। कुछ जगह रिमझिम बारिश रुक रुक हो रही है। इसके साथ ही तापमान में भी गिरावट आई है।

**24 घंटे में औसत 53एमएम हुई बारिश**-जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक औसत 53 एमएम बारिश हुई है। इसमें सबसे ज्यादा बारिश नासिरदा में 138 एमएम हुई है। इसके अलावा टोड़ा रायसिंह में 107 एमएम, टोरडी सागर में 119 एमएम, उनियारा 25 एमएम, पीपलू में 40 एमएम, मालपुरा में 114 एमएम बारिश हुई है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी तेज और मध्यम, हल्की बारिश हुई है। जिले में इस सीजन में आज सुबह 8 बजे तक 1018 .45 एमएम (155 .50 प्रतिशत) बारिश हो चुकी है। सभी 34 बांध लबालब हो गए है ।



# उदयपुर में 4 बच्चों की पानी में डूबने से मौत

## बारिश से भरे पानी में नहाने के लिए उतरे थे, परिजन शव से लिपटकर रोने लगे



उदयपुर। बढ़ता राजस्थान

उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र स्थित कुंवारी माइंस में रविवार को बारिश से भरे पानी में डूबने से 4 नाबालिगों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे और एक बच्ची शामिल है। चारों नहाने गए थे, तभी गहरे पानी में जाने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से चारों बच्चों के शवों को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन बच्चों के शव से लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन माइंस मालिक को बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। शवों को लेकर मौके पर बैठे हुए हैं।

**बकरियां चराने गए थे, तभी पानी में नहाने उतरे**-यह माइंस उदयपुर-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर मंदेरिया गांव में स्थित है। यहां पत्थर निकालने का काम होता है। यहां बारिश होने से पानी भरा था। इसी में बच्चे नहाने के लिए गए थे। डबोक थाने के एएसआई मनोहर सिंह देवड़ा ने बताया- सभी बच्चे बकरियां चराने गए थे। उसी दौरान वे नहाने के लिए पानी में उतरे और गहरे पानी में जाने से उनकी मौत हो गई। मृतक बच्चों में लक्ष्मी गमेती(14), भावेश (14), राहुल (12) और शंकर(13) शामिल हैं।

# गहलोतराज में लोगों ने अंधा, गूंगा, बहरा बनकर नौकरी पाई : राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बीजेपी नेता राजेन्द्र राठौड़ ने रविवार को पंचायत-निकाय चुनाव, छात्रसंघ चुनाव, बेरोजगारी और पेपर लीक को लेकर पिछली गहलोत सरकार पर आरोप लगाए। राठौड़ ने कहा गहलोत राज में अच्छी तरह से देखने वालों ने अंधा बनकर, अच्छे से सुनने वालों ने बहरा बनकर और धारा प्रवाह बोलने वालों ने गूंगा बनकर नौकरी पाई। उन्होंने कहा, हद तो तब हो गई जब मूक बधिर बनकर गहलोत साहब के खुद के कार्यालय में काम करने वाले उन्हीं के जिले के एक व्यक्ति ने नौकरी पाई।

कांग्रेस के समय में उसे पदोन्नति भी मिल गई। गहलोत साहब का पीएसओ पेपर लीक के मामले में पकड़ा जाता है, इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ हो नहीं सकता है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत राज में दिव्यांग सर्टिफिकेट से नौकरी पाने वाले 43 में से 37 अभ्यर्थी अयोग्य पाए गए हैं। वहीं 53 के खिलाफ अभी जांच चल रही है। दूसरी ओर 20 महीने में भजनलाल सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता रखते हुए 280 से ज्यादा परीक्षाओं का सफल आयोजन करवाया। राठौड़ आज प्रदेश बीजेपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



**गहलोत राज में 23 महीनों में पंचायत चुनाव हुए**-राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज जो लोग संविधान की दुहाई देकर पंचायत चुनाव कराने की बात कह रहे हैं। उनके राज में 23 महीनों में अलग-अलग चरणों में पंचायत चुनाव हुए। अशोक गहलोत पहले जनप्रतिनिधियों की बाड़ेबंदी करते और जब उन्हें सुनिश्चित हो जाता कि कांग्रेस की जीत हो जाएगी, तब वे पंचायत चुनाव करवाते थे। उन्होंने अपनी सुविधा के अनुसार 18 जनवरी 2020 से दिसंबर 2021 के बीच अलग-अलग चरणों में पंचायत चुनाव करवाए। राठौड़ ने कहा कि गहलोत साहब स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं, जबकि गहलोत सरकार के समय ही राजस्थान डिस्कॉम द्वारा प्रदेशभर में 5.50 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगा दिए गए थे।

# अमित शाह ने स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया

## गृहमंत्री ने कहा- भारत में एक बूंद खून बहाए बिना सत्ता परिवर्तन होता रहा है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन चलेगी। इसमें 29 राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और छह राज्यों की विधान परिषदों के सभापति और उपसभापति शामिल हुए हैं। कॉन्फ्रेंस में अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार और कई केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे। दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंदर गुप्ता ने बताया कि 24 अगस्त, 1925 को विठ्ठलभाई पटेल सेंट्रल असेंबली के पहले भारतीय स्पीकर चुने गए थे। इसके 100 साल पूरे होने पर यह कॉन्फ्रेंस हो रही है।



### अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा-

जब हमारा देश आजाद हुआ तो चर्चा होती थी। लोग मखौल उड़ाते थे कि देश कैसे चलाएंगे। मगर आज मैं गौरव के साथ इस ऐतिहासिक सदन में कह रहा हूं कि हमने 80 साल में लोकतंत्र की नींव को पाताल से गहरा डालने का काम किया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार